Introduction - Rare earth doped oxide materials have fine chemical as well as thermal stability along with excellent luminescent efficiency and colour purity, consequently these are used for the various applications of display devices [1-2]. The field emission display (FEDs) is a developing technology in recent years, as it has the potential to provide displays with high brightness, high contrast ratio and low power consumption [3-5]. As a result it has been considered as the next generation flat panel display. Phosphor materials have been playing an important role in developing these advanced lightening and display technology [6-8].

The SrY_2O_4 lattice resembles with $CaFe_2O_4$ related structures which consists of one strontium site of bicapped trigonal prismatic and two yttrium sites. One site for yttrium is almost perfect octahedral site, and the other is significantly distorted one, and both sites occupy without inversion symmetry [9]. All the powder samples of the $MY_{2(1-x)}O_4:Eu_{2x}$ show bright red emission. Y^{3+} ions in two nonequivalent sites in the crystallite are substituted by Eu^{3+} ions and this is showed by splitting of the $^5D_0' \rightarrow {}^7F_0$ and $^5D_0 \rightarrow {}^7F_1$ transitions [10-19].

In present paper Eu^{3+} doped MY_2O_4 was synthesized by solid state reaction method. Thermoluminescence and photoluminescence of the oxide phosphor was investigated, especially the change in luminescence property with the variation of the Eu^{3+} content. In our manuscript experimental study of luminescence spectroscopy in Eu^{3+}-doped samples of an alternative host MY_2O_4 under excitation of a UV source 254 generating intense red emission with tunable chromaticity and white-light closer to the equal energy point of the CIE-1931 diagram. Also the Thermoluminescence study for UV irradiated sample. Supporting characterizations such as crystallographic analysis (XRD), for functional group by FTIR analysis are supporting data for optical studies of Eu^{3+} doped MY_2O_4.

Experimental: To prepare MY2O4 with fixed concentrations of europium (1 mol%), stoichiometric amounts of reactant mixture is taken in alumina crucible and is fired in air at 1000^oC for 2 hour in a muffle furnace. Every heating is followed by intermediate grinding using agate mortar and pestle. The Eu^{3+} activated MY_2O_4 phosphor was prepared via high temperature modified solid state diffusion. The starting materials $SrCO_3$, $CaCO_3$, $BaCO_3$, Y_2O_3, Eu_2O_3 and H_3BO_3 (as a flux) in molar ratio (1% of Eu) was used to

prepare the phosphor .The mixture of reagents were grounded together for 45minute to obtain a homogeneous powder. Powder was transferred to alumina crucible, and then heated in a muffle furnace at 1350°C for 3 hr [17]. The phosphor materials were cooled to room temperature naturally.

Chemical equation for synthesis of phosphor as follow:

$BaCO_3 + Y_2O_3 \rightarrow BaY_2O_4 + CO_2$
$SrCO_3 + Y_2O_3 \rightarrow SrY_2O_4 + CO_2$
$CaCO_3 + Y_2O_3 \rightarrow CaY_2O_4 + CO_2$

The samples were characterized by X-ray diffraction (XRD), XRD measurements carried out using Bruker D8 Advanced X-ray Diffractometer with CuKα (wavelength λ = 0.154nm) radiation to analyze the crystalline structure and crystallite size of the phosphor powder. The crystallite size was calculated using the well-known Scherer formula. photoluminescence (PL) emission and excitation spectra were recorded at room temperature by use of a Shimadzu RF- 5301 PC spectrofluorophotometer. The excitation source was a Xenon lamp. The obtained phosphor under the TL examination is given UV radiation using 254 nm UV source. Thermoluminescence glow curves were recorded at room temperature by using TLD reader I1009 supplied by Nucleonix Sys. Pvt. Ltd. Hyderabad [12-19].

Results and Discussion: It is found that from XRD analysis $SrY_2O_4:Eu^{3+}$ phosphor having orthorhombic structure and crystallite size was nearly 56nm. For $BaY_2O_4:Eu^{3+}$ and $CaY_2O_4:Eu^{3+}$ phosphor having cubic crystal structure and crystallite size nearly 48nm and 69nm (figure 1). The crystallite size of prepared phosphor was calculated by Scherer's formula $D = \frac{0.9\lambda}{\beta \cos\theta}$

Here D is crystallite size
β is FWHM (full width half maximum)
λ is the wavelength of X ray source
θ is angle of diffraction



Figure 1 XRD pattern of M(Ba, Sr, Ca)$Y_2O_4:Eu^{3+}$ phosphor

PL emission and excitation spectra : The broad excitation band in the UV region centered at around 254 nm is a charge transfer band (CTB), corresponding to an electron transfer from an oxygen 2p orbital to an empty 4f orbital of Eu (figure 2). Upon excitation with 254 nm UV light, both the emission spectra were described by the well-known $^5D_0 \rightarrow {}^7F_J$ (J=1, 2) line emissions of the Eu^{3+} ions with the strong emission for J=1 and J=2 at 595 nm and 615, 630 nm (Fig. 3). The $^5D_0 \rightarrow {}^7F_1$ transition is purely magnetic dipole allowed and is usually taken as a reference transition because the crystal field does not considerably alter the intensity of this transition [19]. Appearance of five lines for the $^5D_0 \rightarrow {}^7F_1$ transition provided an evidence of two sites of Eu^{3+} ions (2J+1=3 for J=1). Due to the different valence states and the different ion sizes between Sr^{2+} (113 pm) and Eu^{3+} (95 pm), calcination temperature was not high enough for Eu^{3+} to substitute Sr^{2+}, and the replacement of Eu^{3+} to Y^{3+} (89 pm) happened. There are two sites of Y^{3+} ions with similar dimension of O^{2-} polyhedron in SrY_2O_4 lattice, so the charge transfer is expected from the oxygen ions to the substituting Eu^{3+}. Similar splitting was observed to the $^5D_0 \rightarrow {}^7F_2$ transition, which is electricdipole forbidden, and sensitive to the ligand environment. Appearance of two excitation bands with monitored wavelengths of 483nm also indicated that the Eu^{3+} ions occupied two Y^{3+} ions sites. The $^5D_0 \rightarrow {}^7F_0$ transition, which is both, spin and electric dipole forbidden, and is sensitive to the different lattice field, splits into two lines at 543 and 552 nm, revealing that the Eu^{3+} at least occupied two sites.



Figure 2 PL excitation spectra for $MY_2O_4:Eu^{3+}$ phosphor



Figure 3 PL emission spectra for $MY_2O_4:Eu^{3+}$ phosphor

For $BaY_2O_4:Eu^{3+}$ and $CaY_2O_4:Eu^{3+}$ phosphor having less intensity as compared to $SrY_2O_4:Eu^{3+}$ phosphor. Both phosphors having similar intensity ($BaY_2O_4:Eu^{3+}$ and $CaY_2O_4:Eu^{3+}$). So $SrY_2O_4:Eu^{3+}$ phosphor selecting a potential candidate for display device application havingexcellent intensity and color tenability (intense red emission with associated peaks at blue and green).

CIE coordinate: The CIE coordinates were calculated by Spectrophotometric method using the spectral energy distribution of the $MY_2O_4:Eu^{3+}$ sample (Fig 4). The color co-ordinates for the Eu doped sample are x=0.365 and y=0.295 (these coordinates are very near to the red light emission) and x =.124, y = .182 (blue emission), x = .214, y = .698 (green emission). Hence this phosphor having excellent color tenability from white light emission.



Figure 4 CIE 1931 coordinate for $MY_2O_4:Eu^{3+}$ phosphor

TL glow curve analysis: Thermoluminescence (TL) of prepared phosphor was studied by giving the 254nm UV source irradiation 20min exposure. Every time 2 mg weighed powdered phosphor was taken for TL measurement (Fig 5). The heating rate used for TL measurements was $6.7^0C\ s^{-1}$. Here for $SrY_2O_4:Eu^{3+}$ phosphor high temperature peaks centred at 160^0C and 286^0C was found it shows more stability and less fading in the prepared sample. But in case of $BaY_2O_4:Eu^{3+}$ phosphor low temperature peak centred at 83^0C was found which shows high fading and less stabilityand the formation of shallower trap in the prepared sample. Similarly for $CaY_2O_4:Eu^{3+}$ phosphor shows low temperature peak 155^0C with high fading. From the above study it is concluded that $SrY_2O_4:Eu^{3+}$ phosphor found suitable for UV dosimetric application.



Conclusion: It is concluded that from prepared phosphor MY_2O_4 doped with europium having excellent color tenability for intense red emission with some narrower peaks at blue and green emission. Dominant peak 615nm (deed red emission) is due to forced electric dipole transition of europium ion. $SrY_2O_4:Eu^{3+}$ phosphor high temperature peaks centred at 160^0C and 286^0C was found it shows more stability and less fading in the prepared sample for TL glow curve and found suitable application of dosimetry. Appearance of five lines for the $^5D_0 \rightarrow {}^7F_1$ transition provided an evidence of two sites of Eu^{3+} ions (2J+1=3 for J=1). Due to the different valence states and the different ion sizes between Sr^{2+} (113 pm) and Eu^{3+} (95 pm), calcination temperature was not high enough for Eu^{3+} to substitute Sr^{2+}, and the replacement of Eu^{3+} to Y^{3+} (89 pm) happened. There are two sites of Y^{3+} ions with similar dimension of O^{2-} polyhedron in SrY_2O_4 lattice, so the charge transfer is expected from the oxygen ions to the substituting Eu^{3+}. Similar splitting was observed to the $^5D_0 \rightarrow {}^7F_2$ transition, which is electric dipole forbidden, and sensitive to the ligand environment. Appearance of two excitation bands with monitored wavelengths of 483nm also indicated that the Eu^{3+} ions occupied two Y^{3+} ions sites. The $^5D_0 \rightarrow {}^7F_0$ transition, which is both, spin and electric dipole forbidden, and is sensitive to the different lattice field, splits into two lines at 543 and 552 nm, revealing that the Eu^{3+} at least occupied two sites. So as compared to $BaY_2O_4:Eu^{3+}$ and $CaY_2O_4:Eu^{3+}$ phosphors $SrY_2O_4:Eu^{3+}$ having excellent behaviour for TL and PL study.

Acknowledgement: Authors are very thankful to Chhattisgarh council of science and technology funding through minor research project entitled as “Synthesis and Characterization of rare earth doped MY_2O_4 (M= Ba, Ca and Sr) phosphor”.

References:-

1. J.H. Gwak, S.H. Park, J.E. Jang, S.J. Lee, J.E. Jung, J.M. Kim, et al., J Vac Sci Technol B, 2000, 18, 1101.
2. G. Wakefied, E. Holland, P.J. Dobson, J.L. Hutchison, Adv Mater, 2001, 13, 1557.

3. X.M. Liu, C.K. Lin, Y. Luo, J. Lin, J. Electrochem. Soc., 2007, 154, J21.
4. P. Psuja, D. Hreniak, W. Strek, J. Nanomater., 2007, 2007, 81350.
5. T. Justel, J.C. Krupa, D.U. Wiechert, J. Lumin., 2001, 93, 179.
6. H.A. Höppe, A. Chem., Int. Ed., 2009, 48, 3572.
7. R.J. Xie, N. Hirosaki, K. Sakuma, Y.Yamamoto, M. Mitomo, Appl. Phys. Lett., 2004, 84, 5404.
8. Q. Dai, M.E. Foley, C.J. Breshike, A. Lita, G.F. Strouse, J. Am. Chem. Soc., 2011, 133, 15475.
9. Q. Tang, Z.P. Liu, S. Li, S.Y. Zhang, X.M. Liu, Y.T. Qian, J. Cryst. Growth, 2003, 259, 208.
10. S.J. Park, C.H. Park, B.Y. Yu, H.S. Bae, C.H. Kim, C.H. Pyun, J. Electrochem. Soc., 1999, 146, 3903.
11. L. Zhou, J. Shi, M. Gong, J. Lumin., 2005, 113, 285.
12. Vikas Dubey, Jagjeet Kaur, Sadhana Agrawal; N.S. Suryanarayana, K.V.R.Murthy, Superlattices and Microstructures 67 (2014) 156–171.
13. V.Dubey, J.Kaur, S. Agrawal, N.S.Suryanarayana, KVR Murthy, Optik – Int. J.Light Electron Opt. (2013), doi 10.1016/j.ijleo.2013.03.153.
14. Vikas Dubey, Suryanarayana N.S., Jagjeet Kaur, Kinetics of TL Glow Peak of Limestone from Patharia of CG Basin (India), Jour. Miner. Mater. Charac. Engin., 9(12) 1101-1111, (2010).
15. Vikas Dubey, Jagjeet Kaur, N.S. Suryanarayana, K.V.R.Murthy, Res. Chem. Intermed. (2012). doi: 10.1007/s11164-012-0872-7.
16. Y. Parganiha; J. Kaur; V. Dubey; D. Chandrakar; N.S. Suryanarayan; Res. Chem. Inter. 2015, DOI: 10.1007/s11164-015-2148-5.
17. Vikas Dubey, JagjeetKaur, SadhanaAgrawal, Materials Science in Semiconductor Processing 31 (2015) 27–37.
18. Y. Parganiha, J. Kaur, V. Dubey, D. Chandrakar, Superlattices and Microstructures 77 (2015) 152–161.
19. Y. Parganiha, J. Kaur, V. Dubey, KVR Murthy, Materials Science in Semiconductor Processing 31 (2015) 715–719.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

भारत में महिला शिक्षा की स्थिति

डॉ. श्रीमति संजू पाण्डेय*

* सहा.प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शास.एन.के. महाविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

शोध सारांश – शिक्षा के स्तर में प्रारंभिक स्तर से सुधार लाकर उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाये जानें के लिए स्वतंत्रता के पश्चात से ही विभिन्न योजनाओं एवं विभिन्न आयोगों द्वारा प्राप्त अनुशंसाओं के आधार पर प्रयास किये जा रहे है। पुरूषों की तुलना में महिलाओं साक्षरता दर कम है, जबकि महिलाओं एवं पुरूषों का कुल जनसंख्या में अनुपात लगभग समान है। सतत् प्रयास करते हुए महिलाओं के शिक्षा स्तर में सुधार लाकर ही विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

शब्द कूंजी– साक्षरतादर, जनांकिकीय लाभांश, सकल नामांकन अनुपात, कार्य सहभागिता दर।

प्रस्तावना – विकसित भारत 2047 का संकल्प एक ऐसे भविष्य की ओर संकेत करता है जिसमें हर भारतीय के पास समान अवसर होंगे जिससे हम सब एक बेहतर जीवन जी सकेंगे। इसके लिए हमें शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में निरंतर सुधार करना होगा। हम सभी भारतीयों को एक संयुक्त प्रयास करना होगा, अर्थात महिला एवं पुरूषों की सहभागिता का शत् प्रतिशत उपयोग ही विकसित भारत की परिकल्पना को साकार कर सकेगा। वास्तव में जनसंख्या प्राकृतिक संसाधनों पर दायित्व न होकर परिसम्पत्ति हैं। जनसंख्या को संरचना के आधार पर तीन वर्गो में वर्गीकृत किया जा सकता है –

1. 15 वर्ष से कम आयु वाली जनसंख्या अर्थात बाल जनसंख्या,
2. 15–64 वर्ष अर्थात कार्यकारी जनसंख्या इसे उत्पादक आयु वर्ग कहा जाता है,
3. 65 वर्ष या उससे अधिक वर्ष, अर्थात वृद्ध जनसंख्या।

बाल जनसंख्या और वृद्ध जनसंख्या दोनों ही पालन एवं पोषण हेतु उत्पादक आयु वर्ग पर निर्भर होते है।

भारत में 2001 से 2026 तक जनसंख्या निर्भरता भार में गिरावट की प्रवृत्ति रहेगी तथा उत्पादक वर्ग में वृद्धि होगी जो विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करनें में सकारात्मक भूमिका निभा सकती है, बशर्ते कि युवा क्षमता का पूर्ण उपयोग हो सकें। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या में 52% पुरूष 48% महिलाओं की संख्या थी। 121 करोड़ जनसंख्या में 62.4 करोड़ पुरूष एवं 58.62 करोड़ महिलायें थी। 2001 में कार्यकारी आयु वर्ग में जनसंख्या लगभग 60% थी जिसकी 2026 तक 68.4 प्रतिशत होने का अनुमान है। इस जनांकिकीय लाभांश का उपयोग तभी संभव है जब महिला एवं पुरूषों की भागीदारी समान हो। परंतु स्थितियां ऐसी हैं कि शिक्षा का क्षेत्र हो या कार्यकारी जनसंख्या दोनों ही क्षेत्रों में महिलाएं पुरूषों की तुलना में अपेक्षाकृत कम है।

युवा क्षमता को साकार करना भारत के लिए एक चुनौती है, जिसका कारण है शिक्षा एवं कौशल की कमी, भारत की अल्पवित्तपोषित शिक्षा प्रणाली युवाओं को उभरतें रोजगार के अवसरों का लाभ उठानें हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए अपर्याप्त है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुये इस अध्ययन के दो मुख्य उद्देश्य है –

1. वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत में महिला शिक्षा की तुलनात्मक स्थिति का अध्ययन।
2. युवा क्षमता में महिला सहभागिता की स्थिति का अध्ययन।

शोध विधि – यह अध्ययन वर्णनात्मक है जो द्वितीयक संमको पर आधारित है इसमें मुख्य रूप से जनगणना एवं कार्यशील जनसंख्या का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।

भारत वर्तमान में जनांकिकीय लाभांश की स्थिति से गुजर रहा है हम उसका पूरा लाभ कहॉ तक प्राप्त कर रहे है, क्योंकि आबादी के आधे हिस्सा का प्रतिनिधित्व महिलाएं करती है उनका समाज के विकास में क्या योगदान है? वास्तव में उनकी शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थिति क्या है। इसके लिए हम सर्वप्रथम महिला शिक्षा की वास्तविक स्थिति स्वतंत्रता से अब तक क्या है, का अध्ययन करेंगें। जिसका वर्णन तालिका में किया गया है।

तालिका क्रं. 1 : भारत में पुरूषों एवं महिलाओं के बीच की साक्षरता दर 1951–2022 Literacy Rates of India, 1951–2022



स्त्रोत:– जनगणना 2011 एवं राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय सर्वेक्षण 2022

तालिका से स्पष्ट है कि भारत में 1951 में साक्षरता दर 18.33 थी जो 2011 में 74.04 प्रतिशत एवं राष्ट्रीय भारतीय सर्वेक्षेण के अनुमान के

आधार पर 2022 में 77.7 प्रतिशत हो गयी है। पुरूष साक्षरता दर जो 1951 में 27.16 थी, जो 2011 में बढ़कर 82.14 हो गई है एवं 2022 में 84.7 प्रतिशत हो गयी है। इसी तरह महिला साक्षरता दर 1951 में जो 8.86 प्रतिशत है वो 2011 में 65.46 एवं 2022 में बढ़कर 73.5 प्रतिशत हो गयी है। उपरोक्त आकड़ों से स्पष्ट है कि 2022 में जहॉ 84.7 प्रतिशत पुरूष साक्षर थे, वहीं 73.5 प्रतिशत महिलाएं साक्षर थी, अर्थात पुरूष साक्षरता दर महिलाओं की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक है। यद्यपि साक्षरता दर में निरंतर वृद्धि हुई है लेकिन महिला साक्षरता दर पुरूषों की तुलना में कम है। साक्षरता दर में कमी एवं न्युनतम कौशल क्षमता के कारण विकास में जनांकिकीय लाभांश का लाभ कम प्राप्त हो रहा है, हालांकि वर्तमान शैक्षिक सुधारों में वृद्धि करते हुये सकल नामांकन अनुपात को बढ़ानें का प्रयास किया जा रहा है किन्तु इसके लाभ का प्रभाव लंबे समय के बाद दृष्टिगोचर होगा चूंकि जनांकिकीय लाभांश सीमित अवधि के लिये लाभ अवश्य देता है, ऐसे में मानव पूंजी को बढ़ानें के तीव्र प्रयास करना होगा।

तालिका क्रं. 2

तालिका 2 के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि उच्च साक्षरता वाले राज्यों में पुरूषों की तुलना में महिलाओं की साक्षरता दर कम है। निम्न साक्षरता वाले राज्यों में इसमें और ज्यादा वृद्धि देखनें को मिलती है। बिहार, आंध्रप्रदेश एवं राजस्थान जैसे राज्यों में पुरूष एवं महिला साक्षरता के मध्य 5 से 20 प्रतिशत का अंतर दृष्टिगोचर हो रहा है। राधाकृष्णन आयोग, राष्ट्रीय महिला शिक्षा समिति, कोठारी आयोग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, महिला समाख्या, प्रो. राममूर्ति समिति की अनुशंसा एवं भारत सरकार की महिला सशक्तिकरण की योजनायें तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बावजूद महिला साक्षरता दर में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है।

अध्ययन का दूसरा उद्देश्य है युवा क्षमता में महिला सहभागिता की स्थिति के साथ ही महिला की कार्यशील जनसंख्या अनुपात का तुलनात्मक अध्ययन करना है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या में महिलाओं का प्रतिशत 48 है किन्तु कार्यबल में उनकी सहभागिता दर कम है जैसा कि निम्न चित्र से स्पष्ट है –

महिला एवं पुरूषों की कार्यसहभागिता दर प्रतिशत में



स्त्रोत – India Skill Report 2023

सन् 2017 में महिलाओं की कार्य सहभागिता दर 29 प्रतिशत एवं पुरूषों की 71 प्रतिशत थी जो 2023 में परिवर्तित होकर क्रमश: 33 प्रतिशत एवं 67 प्रतिशत हो गयी है। महिलाओं की कार्य सहभागिता में 4 प्रतिशत की वृद्धि ही हुई है। महिलाओं में साक्षरता प्रतिशत में आंशिक वृद्धि होनें एवं उनके कौशलयुक्त शिक्षीत नहीं होनें में कारण कार्य सहभागिता दर में अपेक्षित परिवर्तन नहीं हो पाया है।

निष्कर्ष – पंडित जवाहर लाल नेहरू के अनुसार – 'मुझे सौ शिक्षित पुरूषों की अपेक्षा दस शिक्षित स्त्रियों की आवश्यकता है जिससे सम्पूर्ण राष्ट्र शिक्षित होगा' तात्पर्य यह है कि किसी भी राष्ट्र के समग्र विकास में उस देश की पूर्ण सहभागिता आवश्यक है ऐसे में आधी आबादी अर्थात महिलाओं की उपेक्षा कर हम विकसित भारत की परिकल्पना को साकार नहीं कर सकते। उल्लेखनीय है कि विवेकानंद ने कहा था कि भारत की दो मुख्य समस्या है (1) अशिक्षा (2) गरीबी इन दोनों समस्याओं का समाधान कर हम समग्र विकास कर सकते है। ऐसे में जब भारत जनांकिकीय लाभांश की स्थिति से गुजर रहा है तो हमें युवा क्षमता का शत् प्रतिशत उपयोग करना होगा एवं महिलाओं में शिक्षा के स्तर को तो बढाना ही होगा साथ ही उनमें कौशल का विकास करना आवश्यक है तभी वे आर्थिक रूप से सशक्त हो देश के विकास में अपना योगदान दे सकेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जनगणना 2011
2. भारतीय अर्थव्यवस्था – दत्त एवं सुंदरम
3. Indian Skill Report 2023
4. ग्रामीण विकास समीक्षा 'महिला सशक्तिकरण विशेषांक राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद
5. राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय सर्वेक्षण प्रतिवेदन 2022

तालिका क्रं. 2 : भारत के विभिन्न राज्यों में पुरूष एवं महिला साक्षरता दर

		साक्षरता दर (%) 2011 की जनगणना			साक्षरता दर (%) 2023 के अनुमान		
		पुरूष साक्षरता दर (%)	महिला साक्षरता दर (%)	कुल साक्षरता दर (%)	पुरूष साक्षरता दर (%)	महिला साक्षरता दर (%)	कुल साक्षरता दर (%)
उच्च साक्षरता वाला राज्य	केरल	96.0(%)	92.0(%)	93.9(%)	97.4(%)	95.2(%)	96.2(%)
	मिजोरम	93.7(%)	89.4(%) _	91.6(%)	93.7(%)	89.4(%)	91.6(%)
	लक्ष्यद्धीप	96.1(%)	88.2(%)	92.3(%)	96.2(%)	88.3(%)	92.3(%)
मध्यम साक्षरता वाला राज्य	महाराष्ट्र	89.8(%)	75.5(%)	82.9(%)	90.7(%)	80.4(%)	84.8(%)
	गुजरात	87.2(%)	70.7(%)	79.3(%)	89.5(%)	74.8(%)	82.4(%)
	पश्चिम बंगाल	82.7(%)	71.2(%)	77.1(%)	84.8(%)	76.1(%)	80.5(%)
निम्न साक्षरता वाला राज्य	बिहार	73.5(%)	53.3(%)	63.8(%)	79.7(%)	60.5(%)	70.9(%)
	आंध्रप्रदेश	74.8(%)	60.0(%)	67.4(%)	73.4(%)	59.5(%)	66.4(%)
	राजस्थान	80.5(%)	52.7(%)	67.1(%)	80.8(%)	57.6(%)	69.7(%)
	अरूणांचल प्रदेश	73.7(%)	59.6(%)	67.0 (%)	73.7(%)	59.6(%)	66.9(%)

स्त्रोत – जनगणना 2011 एवं राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय सर्वेक्षण

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

महिला सशक्तिकरण का उनकी निर्णय क्षमता एवं वृत्तिक परिपक्वता के संदर्भ में अध्ययन

डॉ. किरण गिल* मंजु**

* सह आचार्य (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोद्यार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में 'महिला सशक्तिकरण का उनकी निर्णय क्षमता एवं वृत्तिक परिपक्वता के संदर्भ में अध्ययन का अध्ययन' के सम्बन्ध का अध्ययन किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान के श्री गंगानगर व हनुमानगढ़ जिल के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं मे कार्यरत् कुल 600 विवाहित व अविवाहित महिलाओं पर किया गया है। महिला सशक्तिकरण मापनी डॉ. मो. गुफरान एवं कु. दीपा बिष्ट, वृत्तिक परिपक्वता मापनी, निर्णय क्षमता मापनी स्वनिर्मित का उपयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया कि शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता में कोई सार्थक अन्तर नहीं हैं अर्थात समान है।
शब्द कुंजी – महिला सशक्तिकरण, महिलाएं, निर्णय क्षमता, वृत्तिक परिपक्वता।

प्रस्तावना – शिक्षा मानवीय चेतना का वह सांस्कृतिक पक्ष है, जिससे व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास होता है। शिक्षा आजीवन चलने वाली प्रक्रिया है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य मानव में मानवीय गुणों का विकास कर उसे उस योग्य बनाना है, जिससे वह मानव संस्कृति को अधिक सुन्दर और सम्पन्न बनाने में अपना सक्रिय योगदान दे सके। इस प्रकार व्यक्ति तथा समाज दोनो के विकास में शिक्षा परम् आवश्यक है। स्त्री और पुरूष दोनों ही समाज के सदस्य हैं और समाज के विकास में दोनों की भागीदारी आवश्यक है। स्त्री और पुरूष दोनों का विकास शिक्षा द्वारा ही संभव है किन्तु भारतीय समाज में शिक्षा एवं विकास की बात करें तो महिलाएँ पुरूषों से पीछे हैं। इसके पीछे बहुत से कारण हैं। स्वतंत्रता के पश्चात देश में स्त्री शिक्षा एवं विकास हेतु एक्ट और योजनाएँ बनी ताकि महिलाएँ शिक्षा प्राप्त कर सशक्त हो सकें।

शिक्षा द्वारा ही महिला सशक्तिकरण किया जा सकता है क्योंकि यदि राष्ट्र को उन्नत बनाना है तो हमें हर क्षेत्र जैसे– पारिवारिक, राजनैतिक, शैक्षिक, सामाजिक, व्यापारिक, प्रशासनिक, वैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं को बराबर–बराबर का सशक्त भागीदार बनाना होगा तभी महिला और समाज का विकास संभव होगा। स्वतंत्रता के पश्चात् देश में स्त्री शिक्षा एवं विकास हेतु एक्ट और योजनाएँ बनी ताकि महिलाएँ शिक्षा प्राप्त कर सशक्त हो सकें। शिक्षा द्वारा ही नारी सशक्तिकरण किया जा सकता है।

नारी सशक्तिकरण अन्त: विकास की प्रक्रिया है जिससे वे स्वतंत्र रूप से विचार करे एवं उनके जीवन पर उन्ही का नियंत्रण रहे इसके लिए समाज में व्याप्त असमानता को दूर करना आवश्यक है। नारी सशक्तिकरण द्वारा महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्तर ऊँचा उठता है इससे वे समाज के सभी क्षेत्रों में समानता से अपनी भूमिका का निर्वाह कर सकती है। नारी सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ है नारी आर्थिक रूप से सशक्त हो अर्थात आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर न हो स्वयं अर्थोपार्जन करे। इसके लिए नारी शिक्षा ही प्रमुख साधन है शिक्षा ही समाज में परिवर्तन की दिशा तय करती है।

महिलाओं की शिक्षा स्तर में वृद्धि के साथ साथ वे अपने भावी जीवन के लिए एक लक्ष्य तय कर लेती हैं एवं अपने जीवन के लिए निर्णय लेने लगती हैं। स्वयं अपने लिए निर्णय लेना स्वावलंबी एवं सशक्त होने का आधार है। सभी कार्यों को व्यवस्थित करने के लिए बुद्धि (योग्यता, परिपक्वता, कार्यक्षमता तथा निर्णय क्षमता की आवश्यकता होती है। महिलाएँ घर में रहे या बाहर निर्णय क्षमता का उपयोग हर जगह करना होता है। निर्णय क्षमता के कारण ही वह अपने परिवार को संगठित कर अपने बच्चों को सुपोशित करती है व परिवार के अन्य सदस्यों के लिए उचित अनुचित का निर्णय लेती है। महिलाओं का कार्य असीमित होता है। वह एक समय माँ होती है, तो कभी पत्नी होती है, कभी शिक्षिका होती है तो कभी प्रबंधक, तो कभी शासक और कभी सेविका होती है। इन सभी भूमिकाओं को निभाने के लिए निर्णय क्षमता का होना आवश्यक है। इसी गुण के कारण महिला प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति से लेकर न्यायाधीश के पदों पर शोभायमान है। अपने निश्चित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निर्णय क्षमता के साथ वृत्तिक परिपक्वता का होना भी आवश्यक है। वृत्तिक परिपक्वता का अपने व्यवसाय के प्रति रूचि, विषय का चयन, योजना निर्माण, प्रशिक्षण प्रक्रिया की जानकारी, शैक्षिक योग्यता में वृद्धि और अपने लक्ष्य प्राप्ति के प्रति गंभीरता आदि बिंदूओं के आधार पर ही विकास होता है। आज की कोई भी लड़की यह नहीं चाहती कि वे पैसों के लिए किसी अन्य ;पिता, भाई, पतिबद्ध पर निर्भर रहें। वे आत्म निर्भर होना चाहती हैं, इसके लिए उन्हें कितना ही संघर्ष करना पडें, वे तैयार रहती हैं। आज देश के आर्थिक विकास में महिलाओं का भी बराबर का योगदान है। आर्थिक विकास में योगदान का तात्पर्य वे भी उत्पादन और अर्थोपार्जन में समान रूप से हिस्सेदार है जब यह हिस्सेदारी बराबर की है तो वृत्तिक परिपक्वता आना स्वाभाविक है। जैसे ही वे आर्थिक रूप से आत्म निर्भर होती हैं, महिलाएँ आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं जिससे महिला सशक्तिकरण में भी वृद्धि होती है। अत: नारी सशक्तिकरण, शिक्षा, निर्णय क्षमता, वृत्तिक परिपक्वता , महिला विकास सभी एक दूसरे से संबंधित है और एक दूसरे पर प्रभाव डालते हैं। किसी एक बिंदू को नकार कर हम नारी सशक्तिकरण की

कल्पना नहीं कर सकते। महिलाओं में निर्णय क्षमता एवं वृत्तिक परिपक्वता का होना नारी सशक्तिकरण के बढते कदम के लिए एक पायदान है, जिससे वे अपने गंतव्य तक पहुँचने का प्रयास करती है।

प्रस्तुत शोध का महत्व – वर्तमान में पूरे विश्व में महिला सशक्तिकरण के गंभीर प्रयास हो रहे हैं और उसका परिणाम है कि महिलाएँ घर-परिवार में होने वाले फैसले में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। घरेलू फैसले लेते हुए शिक्षा प्राप्त कर बड़े-बडे प्रशासनिक एवं राजनैतिक पदों पर अपनी निर्णय क्षमता के बल पर ही विराजमान हैं। स्वयं अपने लिए निर्णय लेना स्वावलंबी एवं सशक्त होने का प्रमुख आधार है और इस क्षमता के बल पर महिलाएँ जगत में क्रांति ला सकती हैं। कुछ साल पहले ऐसा सोचा भी नहीं जा सकता था, परन्तु महिलाएँ अपनी लड़ाई खुद लड़ने के लिए तैयार हो रही हैं। यह निर्णय लेने की प्रक्रिया महिला में आत्मविश्वास उत्पन्न करती है, आगे बढने की प्रेरणा देती हैं। स्त्रियों का घटनाओं को देखने और परखने का एक अलग नजरिया होता है समस्याओं के निराकरण का तरीका पुरूषों से अलग होता है। इस तरह स्त्री की भागीदारी से किसी पर निर्णय लेते समय एक नया दृष्टिकोण सामने आता हैं समस्या को देखने के आयाम भी उससे मिलता हैं इसीलिए एक विशाल देश में निर्णय का क्षितिज भी विशाल और व्यापक बन जाता हैं यह पंथ निरपेक्ष देश के लिए बहुत जरूरी भी हैं क्योंकि देश की आधी आबादी महिलाओं की है इसीलिए निर्णय लेते समय उनकी भागीदारी आवश्यक है। यह उनका अधिकार भी है। सही मायने में महिलाओं का सशक्तिकरण यही है।

महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं में वृत्तिक परिपक्वता होना अत्यंत आवश्यक है। वृत्तिक अर्थात पुराने, वर्तमान तथा आधुनिकतम वह व्यवसाय या नौकरी जिसे व्यक्ति अपने जीविकोपार्जन के लिए अपनाता है। वृत्तिक चयन में आत्म-प्रत्यय, सामाजिक-आर्थिक स्थिति तथा वृत्तिक परिपक्वता अह्म भूमिका अदा करते हैं। आधुनिक समय में छात्राओं का लक्ष्य केवल शिक्षा प्राप्त करना ही नहीं वरन् शिक्षा द्वारा अपनी आजीविका हेतु धन अर्जन करना भी होना चाहिए, क्योंकि जब तक महिलाएँ आर्थिक रूप से सबल नहीं हो जाती, तब तक हम महिलाओं को आत्मनिर्भर नहीं कह सकते। वृत्तिक परिपक्वता, महिलाओं को व्यवसाय चयन करने तथा व्यवसाय प्राप्त करने हेतु प्रयास करने के लिए प्रेरित करती हैं। वृत्तिक परिपक्वता आने पर युवतियाँ विद्यार्थी जीवन से ही अपने लिए व्यवसाय चयन कर लेती है और उसी व्यवसाय में सफलता प्राप्त कर ऊँचे पदों पर आसीन होती है व्यवसाय या अर्थोपार्जन आर्थिक स्वालंबन की ओर इंगित करता है। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने पर आर्थिक सशक्तिकरण संभव है जैसे ही वे आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं घर, परिवार और व्यवसायिक क्षेत्र में निर्णय लेने लगती हैं। शिक्षा एक ऐसा साधन है, जिसके द्वारा वृत्तिक परिपक्वता तथा निर्णय क्षमता दोनों का विकास होता है। इस प्रकार युवतियों के नारी सशक्तिकरण उनके व्यावसायिक परिपक्वता एवं निर्णय क्षमता को प्रभावित करती है।

इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पिछले एक दशक से भारत सहित विश्व में 'महिला सशक्तिकरण' की बात जोर शोर से की जा रही है। भारत में वर्ष 2001 को महिला सशक्तिकरण वर्ष घोषित किया जा चुका है। परन्तु आज भी महिलाएँ सशक्तिकरण की इस अवधारणा में अपने अस्तित्व को ढूंढ रही हैं। अब प्रश्न उठता है कि महिला सशक्तिकरण क्या है? महिला सशक्तिकरण तथा उनकी निर्णय क्षमता में क्या संबंध है? महिला सशक्तिकरण का उनकी वृत्तिक परिपक्वता पर क्या प्रभाव पडता है? महिला सशक्तिकरण, निर्णय क्षमता व वृत्तिक परिपक्वता के मध्य क्या सहसंबंध है? इस पर बहुत कम शोध कार्य हुए है। अत: शोधकर्त्री द्वारा समस्या का चयन किया गया।

समस्या कथन – 'महिला सशक्तिकरण का उनकी निर्णय क्षमता एवं वृत्तिक परिपक्वता के संदर्भ में अध्ययन'

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

महिला सशक्तिकरण – महिला सशक्तिकरण का अर्थ बहुआयामी है। मूल रूप से महिलाओं के बुनियादी मानव अधिकारों का प्रश्न है। सशक्तिकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हर तरह के विचारों को प्रोत्साहित किया जाता है। महिला सशक्तिकरण एक बहुआयामी चुनौती है, वास्तव में स्त्री स्वयं एक बहुआयामी व्यक्तित्व है। महिलाओं को अपना विकास करने हेतु महिलाओं के साथ-साथ पुरूषों में भी वैचारिक परिवर्तन तथा सहयोग की आवश्यकता है। महिला सशक्तिकरण का अभिप्राय है-'स्त्री अपने आप को शक्तिशाली बनाए।' महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक, वैश्विक रूप से उभर कर सामने आना ही नारी सशक्तिकरण है।

निर्णय क्षमता:– निर्णय क्षमता एक तरह का समस्या समाधान व्यवहार होता है, किसी कार्य को करने के लिए अनेक विकल्पों में से एक उपयुक्त को चुनने के कार्य को निर्णय लेना कहते हैं। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में निर्णय क्षमता आवश्यक है। जीवन में संबंधित स्थितियों एवं समस्याओं का सामना करते हुए निर्णय लेने की आवश्कता होती है। सैन्ट्रोक (2000) के अनुसार- निर्णय प्रक्रिया में विकल्पों का मूल्यांकन किया जाता है और उनमें से कुछ को चुन लिया जाता है।

वृत्तिक परिपक्वता :– वृत्तिक परिपक्वता से अभिप्राय विकास और अभिवृति(को प्राप्त कर किसी विशिष्ट व्यवसाय को करना है। अर्थात किसी विशिष्ट व्यवसाय का चयन कर सफलता हासिल करने में भी समर्थ हो। बिना परिपक्वता के कोई भी जीवधारी नवीन कार्य या व्यवसाय को कुशलतापूर्वक नहीं प्राप्त कर सकता है। शिक्षा आजीवन चलने वाली प्रक्रिया है। अगर वह सफलतापूर्वक अपने उद्देश्यों के अनुरूप चलती रहे तो वह व्यक्ति के जीवन का निर्माण ही नहीं करती अपितु व्यक्ति के अपने परिवार के समुचित भरण पोषण के लिए धनोपार्जन करना पडता है और धनोपार्जन के लिए किसी न किसी वृत्तिक को अपनाना पडता है।

अध्ययन के उद्देश्य :–

1. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के महिला सशक्तिकरण का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के वृत्तिक परिपक्वता का तुलनात्मक अध्ययन करना।
3. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :–

1. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के महिला सशक्तिकरण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
2. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के वृत्तिक परिपक्वता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
3. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

न्यादर्श :–प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में राजस्थान के श्री गंगानगर व

हनुमानगढ़ जिले के विभिन्न संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं का चयन किया गया है,

शोध में प्रयुक्त उपकरण :-

1. महिला सशक्तिकरण मापनी डॉ. मो. गुफरान एवं कु. दीपा बिष्ट
2. वृत्तिक परिपक्वता मापनी
3. निर्णय क्षमता मापनी स्वनिर्मित

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन –

1. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के महिला सशक्तिकरण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या – 1

संस्थान	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मान	सार्थकता का स्तर
शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित महिलाएं	300	77.54	11.024	2.206	स्वीकृत
शिक्षा संस्थानों में कार्यरत अविवाहित महिलाएं	300	74.16	10.221		

व्याख्या :- उपर्युक्त तालिका सं. 1 में शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के महिला सशक्तिकरण के मध्यमानों, मानक-विचलनों एवं क्रान्तिक अनुपात मान को दर्शाया गया है। शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के महिला सशक्तिकरण के मध्यमान क्रमश: 77.54 एवं 74.16 तथा मानक विचलन क्रमश: 11.024 एवं 10.221 गणना द्वारा प्राप्त किये गये हैं। इन दोनों के आधार पर गणना द्वारा क्रांतिक अनुपात मान 2.206 प्राप्त हुआ है। 0.01 सार्थकता स्तर का सारणी मान 2.59 दिया गया है जो कि गणना द्वारा प्राप्त क्रान्तिक अनुपात के मान से कम है। अत: निर्धारित परिकल्पना शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के महिला सशक्तिकरण में कोई सार्थक नहीं अन्तर है, स्वीकृत की जाती है। निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के महिला सशक्तिकरण में कोई सार्थक नहीं अन्तर है।

2. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के वृत्तिक परिपक्वता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या – 2

संस्थान	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मान	सार्थकता का स्तर
शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित महिलाएं	300	28.19	9.053	0.847	1003
शिक्षा संस्थानों में कार्यरत अविवाहित महिलाएं	300	26.73	8.764		

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार उपर्युक्त तालिका सं. 2 में शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के वृत्तिक परिपक्वता के मध्यमानों, मानक-विचलनों एवं क्रान्तिक अनुपात मान को दर्शाया गया है। शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के वृत्तिक परिपक्वता के मध्यमान क्रमश: 28.19 एवं 26.73 तथा मानक विचलन क्रमश: 9.053 एवं 8.764 गणना द्वारा प्राप्त किये गये हैं। इन दोनों के आधार पर गणना द्वारा क्रांतिक अनुपात मान 0.847 प्राप्त हुआ है। 0.01 सार्थकता स्तर का सारणी मान 2.59 दिया गया है जो कि गणना द्वारा प्राप्त क्रान्तिक अनुपात के मान से कम है। अत: निर्धारित परिकल्पना शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के वृत्तिक परिपक्वता में कोई सार्थक नहीं अन्तर है, स्वीकृत की जाती है। निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के वृत्तिक परिपक्वता में कोई सार्थक नहीं अन्तर है।

3. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या – 3

संस्थान	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मान	सार्थकता का स्तर
शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित महिलाएं	300	27.21	8.961	0.642	स्वीकृत
शिक्षा संस्थानों में कार्यरत अविवाहित महिलाएं	300	28.11	8.204		

परिकल्पना संख्या 3 के अनुसार उपर्युक्त तालिका सं. 3 में शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता के मध्यमानों, मानक-विचलनों एवं क्रान्तिक अनुपात मान को दर्शाया गया है। शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता के मध्यमान क्रमश: 27.21 एवं 28.11 तथा मानक विचलन क्रमश: 8.961 एवं 8.204 गणना द्वारा प्राप्त किये गये हैं। इन दोनों के आधार पर गणना द्वारा क्रांतिक अनुपात मान 0.642 प्राप्त हुआ है। 0.01 सार्थकता स्तर का सारणी मान 2.59 दिया गया है जो कि गणना द्वारा प्राप्त क्रान्तिक अनुपात के मान से कम है। अत: निर्धारित परिकल्पना शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता में कोई सार्थक नहीं अन्तर है, स्वीकृत की जाती है। निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता में कोई सार्थक नहीं अन्तर है।

उपयोगिता :

1. महिला सशक्तिकरण से जुडे परिणामोन्मुखी कार्यक्रमों की समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु एक उच्चस्तरीय 'मानीटरिंग आयोग' की नियुक्ति की जाए जो समय समय पर इनके परिणामों की रिपोर्ट प्रस्तुत करे।
2. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समयबद्ध परिणामोन्मुखी साक्षरता कार्यक्रमों की प्रभावी क्रियान्वित हेतु सक्रिय कदम उठाए जाए।

भावी शोध हेतु सुझाव :

1. न्यादर्श के लिए बड़े न्यादर्श का चयन किया जा सकता है इसके लिए महिलाओं की संख्या को बढ़ाया जा सकता है।
2. भावी शोध में स्नातक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं के महिला सषस्तीकरण से सम्बन्ध का अध्ययन किया जा सकता है

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आर्या, के. एवं आर्या, एल. (2013)'स्वयं सहायता समूह :ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए वरदान इंडियन जनरल ऑफ साइकोमेट्री एंड एजुकेशन', 44 ;2 ,119-121.
2. कपिल, एच. के. (2006), सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
3. गुप्ता, वी. (2007) महिला सशक्तिकरण की जागरूकता : एक अध्ययन। छत्तीसगढ विवेक प्रकाशन।
4. कृष्णलाल 'इमोशनल मैच्यूरिटी सेल्फ कोनफिडेन्स एण्ड एकेडमिक एचिवमेन्ट ऑफ एडोलसेन्स इन रिलेशन टू देयर जेन्डर एण्ड अरबन रूरल बैकराउण्ड' AIJR Dec. 2015
5. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) 'शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृष्ठ संख्या (407-430)
6. डॉ. शर्मा, वी. एस. 'शिक्षा मनोविज्ञान' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)
7. सुखिया, एस.पी. (1990) 'शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व' आगरा: विनोद पुस्तक मन्दिर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्म निरपेक्षता, सामाजिक चेतना तथा समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन

डॉ. राजेश शर्मा* मोनिका जैन**

* एसोसिएट प्रोफेसर(शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोद्यार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध मे स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्म निरपेक्षता, सामाजिक चेतना तथा समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान के जयपुर एवं टोंक जिले के अकादमिक महाविद्यालयों के कुल 600 विद्यार्थियों पर किया गया है। इस हेतु धर्मनिरपेक्षता के प्रति अभिवृति, सामाजिक चेतना व समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति हेतु स्वनिर्मित का उपकरणों का उपयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया कि स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्म निरपेक्षता, सामाजिक चेतना तथा समावेशी शिक्षा समान है।

शब्द कुंजी – विद्यार्थी, धर्म निरपेक्षता, सामाजिक चेतना तथा समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति।

प्रस्तावना – आधुनिक विज्ञान के युग में शिक्षा को सर्वोपरि आधार के रुप में स्वीकार किया गया लेकिन समाज में अनेक लोगों की अलग–अलग पाठशालायें है लेकिन शिक्षा प्राप्त करने के लिये जो बच्चे आते हैं। उनमें सामान्य बच्चों के अतिरिक्त कुछ बच्चे ऐसे भी होते हैं। जो शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक और व्यक्तिगत भेद की दृष्टि से एक समान नही होते है। इसका मुख्य कारण आनुवंशिकता और वातावरण एक दूसरे बालकों के समान नहीं होता है। इसी असमानता के कारण अन्य प्रकार के गुणों में सार्थक भिन्नता पाई जाती है। समावेशी शिक्षा की परिकल्पना इस संकल्पना पर आधारित है कि सभी बच्चों के विद्यालयी शिक्षा में समावेशन व उसकी प्रक्रियाओं की व्यापक समझ की इस कदर आवश्यकता है कि उन्हें क्षेत्रीय, सांस्कृतिक, सामाजिक परिवेश और विस्तृत सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक प्रक्रियाओं दोनों में ही संदर्भित करके समझा जाये क्योकि भारतीय संविधान में समता, स्वतन्त्रता, सामाजिक न्याय एवं व्यक्ति की गरिमा को प्राप्त मूल्यों के रुप में निरुपित किया गया है, जिसका मतलब समावेशी शिक्षा ही है। समावेशी शिक्षा व्यावस्था जिसमें बालकों के साथ में रहकर अपना सामाजिक रुप से निरन्तर प्रगति करने का अवसर प्रदान किया जाता है। विशिष्ट बालकों में कुछ सामाजिक गुण बहुत संगत होते हैं जबकि सामान्य बालकों के साथ मिलकर शिक्षा ग्रहण करते है। जिससे विशिष्ट बालकों का ज्यादा सहयोग पिछड़े बालकों पर पड़ता है। जिससे उनमें एकीकरण का विकास व सामाजिक गुणों का भी विकास निरन्तर होता रहता है। क्योकि विशिष्ट शिक्षा अधिक महँगी तथा खर्चीली होती है, जिससे पिछड़े बालक आसानी से शिक्षा ग्रहण नही कर पाते है। क्योकि अलग–अलग ढ़ंग से अलग–अलग शिक्षाविद् द्वारा शिक्षा दी जाती है। लेकिन समावेशी शिक्षा में ऐसा नही पाया जाता है। क्योकि कहा जाता है कि आज के युग के लिये समावेशी शिक्षा अधिक उपयोगी व सार्थक सि(हो रही है। शिक्षा के समावेशीकरण से विशेष शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये सामान्य छात्र व दिव्यांग छात्र को शिक्षा ग्रहण करने का समान अवसर प्राप्त हो दोनों एक साथ अधिक समय तक साथ रहे।

समावेशी शिक्षा का तात्पर्य यह है कि शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया के माध्यम से दी जाय ताकि समाज के सभी बालकों को एक स्तर तक लाया जा सकें। समावेशी शिक्षा ऐसी शिक्षा प्रणाली है, जिसमें सभी शिक्षार्थी को बिना भेद–भाव के शिक्षा प्रदान की जाये। मानव संसाधन विकास मन्त्रालय के अनुसार, समावेशी शिक्षा का अर्थ है कि सभी सीखने वाले, बालक हो अथवा युवा, चाहे अशक्त हों अथवा नहीं सामान्य विद्यालय–पूर्वव्यवस्था विद्यालयों एवं सामुदायिक शिक्षा केन्द्रों में उपयुक्त सहयोगी सेवाओं के साथ आपस में मिलजुल कर सीखने में समर्थ हों। उन्होंने आगे स्पष्ट किया है– समावेशन का अर्थ है– मुख्यधारा के विद्यालयों में विशिष्ट आवश्यकताओं के बच्चों का अपने अन्य सहपाठियों के साथ शिक्षा ग्रहण करना। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो जटिल एवं कठिन जरूर है लेकिन शायद असम्भव नहीं है।

अधिकारों तथा सम्भावनाओं से लाभान्वित होने की समानता का कार्यक्षेत्र समावेशी शिक्षा है। संवैधानिक समानता के सि(ान्तों का व्यक्तियों तथा समाज को तभी लाभ हो सकता है जब उन्हें कार्यान्वित किया जाए तथा विद्यालय इस दृष्टि से सबसे उपयुक्त स्थान है। विद्यालय ही एक ऐसा स्थान है जहाँ सभी बच्चे भागीदार होते हैं तथा सभी के साथ एक समान व्यवहार किया जाता है। अभिप्राय यह है कि सामाजिक समानता का पहला पाठ विद्यालयों में ही पढ़ाया जाता है। समावेशी शिक्षा इस के लिए अत्यन्त उपयुक्त स्थल है क्योंकि इस में रंग–भेंद, जाति, समुदाय, धर्म, भाषा, लिंग तथा दैहिक एवं मानसिक गुणों की विभिन्नता के कारण किसी भी बालक को शिक्षा ग्रहण करने से वंचित नहीं किया जा सकता। रोजी–रोटी कमाने की दौड़ में आशक्त व्यक्तियों के विषय में और भी अधिक गम्भीरता से विचार करने तथा प्रावधान निश्चित करने की आवश्यकता है। समावेशी शिक्षा प्रणाली के द्वारा समाज के आशक्त असक्षम तथा बाधित व्यक्तियों को जीवन जीने तथा सामाजिक समानता से व्यवहारिक रूप से फायदा उठाने की आशा दी जा सकती है।

शिक्षा से व्यक्तित्व-विकास के साथ-साथ सामाजिक चेतना का भी विकास होता है। अधिकारों की रक्षा की चेतना, समता एवं भातृभाव की चेतना, बालकों के पालन-पोषण तथा उनकी शिक्षा के महत्व की चेतना, उनकी शारीरिक मानसिक सामर्थ्य एवं क्षमताओं की चेतना एवं उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं व्यवहार सम्बंधी ज्ञान शिक्षा के माध्यम से ही प्राप्त होता है, जिसकी अशक्त एवं बाधित बालकों के लिए अत्यन्त आवश्यकता है।

प्रस्तुत शोध का महत्व – भारतीय समाज अनेक प्रकार के अन्धविश्वासों, कुरीतियों तथा जड़-मान्यताओं से ग्रस्त था। वर्ण व्यवस्था की पतनोन्मुखी अवस्था व्यक्ति को व्यक्ति से पृथक कर रही थी। सामाजिक नियम व मर्यादाएँ अत्यन्त विषम हो गई थीं। खान-पान, शादी-विवाह और रहन-सहन के नियम अत्यन्त कठोर थे। अशिक्षा के कारण अन्धविश्वास समाज में कुरीतियों के रुप में जड़ जमाए हुये थे। इस प्रकार, हिन्दु समाज का सामाजिक तथा आर्थिक जीवन उसकी धार्मिक कट्टरता तथा पिछड़ेपन के कारण बुरी तरह जर्जर हो गया था। तत्कालीन समाज में दो प्रकार की विचार-धारायें देखने को मिली। प्रथम वर्ग धर्म में अटूट आस्था रखकर धर्म की प्रत्येक बुराई को देव वाक्य मानकर, उसे उसी रुप में स्वीकार करने का पक्षपाती था, तथा किसी भी प्रकार का धार्मिक या सामाजिक परिवर्तन उसे ग्राह्य नहीं था। दूसरी विचारधारा से अनुप्राणित वर्ग युगीन सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक आन्दोलन से प्रभावित होकर धर्म के क्षेत्र में प्रगतिशील तत्वों का समावेंश करना चाहता था।

आज देश की धार्मिक स्थिति पहले की ही भाँति संघर्षपूर्ण, द्वेषपूर्ण, तनावपूर्ण और पारस्परिक वैमनस्य से परिपूर्ण है। पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से हिन्दुओं की धर्म में अनास्था बड़ी है। लेकिन साथ-साथ धर्म के प्रति एक संतुलित मानवीय दृष्टि का विकास भी हुआ है। कट्टरता के स्थान पर उदारता, धर्मांधता की जगह वैज्ञानिक दृष्टि और उन्माद की जगह सहनशीलता लेती जा रही है।

सदियों की गुलामी से मुक्ति पाने के लिए भारत को एक लम्बा संघर्ष करना पड़ा, परतन्त्र भारत राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से तो पिछड़ ही गया था, आर्थिक दृष्टि से देश का दिवाला निकल चुका था। शताब्दियों से शोषित भारतीयों के हृदय में आजादी से एक नई आशा का संचार हुआ। भारत की आजादी के बाद विगत वर्षों में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए है। इस परिवर्तन का कारण उपरोक्त चुनौतियों को ध्यान में रखते हुये शोधकर्त्री ने प्रस्तुत अध्ययन को शीर्षक के रुप में चुना है ताकि यह पता चल सके कि हमारे महाविद्यालयों में स्नातकीय विद्यार्थियों में धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक चेतना तथा समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृति कैसी है।

समस्या कथन – 'स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्म निरपेक्षता, सामाजिक चेतना तथा समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन' शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

सामाजिक चेतना:– सामाजीकरण वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से मनुष्य समाज के विभिन्न व्यवहार, रीति-रिवाज, गतिविधियाँ इत्यादि सीखता है। जैविक अस्तित्व से सामाजिक अस्तित्व में मनुष्य का रुपांतरण भी सामाजीकरण के माध्यम से होता है जिससे वह संस्कृति को आत्मसात् करता है। मनुष्य में सीखने की प्रक्रिया समाज के अधीन चलती है जिससे वह अपनी परिस्थिति या दर्जे के बोध और उसके अनुरुप भूमिका निभाने की विधि को हम सामाजीकरण के माध्यम से आत्मसात् करते हैं।

- **भागीदारी –** शिक्षा का मुख्य लक्ष्य है कि छात्रों को सार्थक शिक्षा अनुकूल पर्यावरण में उपलब्ध कराई जाए, जिससे वे जीवन मार्ग में सफल हो सकें। हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और इसमें योग्यता, शारीरिक अक्षमता, भाषा, संस्कृति, उम्र, लिंग आदि अवरोध पैदा ना करे। हर बच्चा जो विद्यालय में प्रवेश लेता है उसकी विद्यालयी गतिविधियों में संपूर्ण भागीदारी हो। प्रत्येक बच्चे को महत्व देना अनिवार्य है, क्योंकि इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है, अनुशासन और बच्चों के व्यवहार में सुधार होता है। यदि बच्चे विद्यालयी जीवन तक नहीं पहुँचपाते हैं तो उन्हें अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विद्यालय में बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है, इसलिए जब बच्चे विद्यालय में प्रवेश लेने के पश्चात उसे कक्षा की समस्त गतिविधियों में शामिल करना भी आवश्यक है।
- **प्रासंगिकता –** समावेशी शिक्षा प्रत्येक बच्चे के लिए उच्च और उचित उम्मीदों के साथ उसको व्यक्तिगत लक्ष्यों पर काम करने के लिए अभिप्रेरित करती है। इसका उद्देश्य तो सभी वर्गों के बच्चों को एक ही छत के नीचे शिक्षा देना है। इसमें बच्चों को सामाजिक, जातिगत, आर्थिक वर्गीय, लैंगिक, शारीरिक और मानसिक दृष्टि से भिन्न–भिन्न देखे जाने के बजाए एक सामान रूप में देखा जाता है। बच्चों को सीखने के लिए उचित वातावरण व अवसर देने की आवश्यकता है।
- **सशक्तिकरण –** समावेशन का एक सिद्धान्त सभी वर्गों के बच्चों को सशक्त बनाना भी है। विद्यालय स्तर पर प्रत्येक बच्चे को सशक्त बनाने के लिए हम निम्नलिखित उपाय कर सकते हैं

1. बच्चे को समझना आवश्यक है।
2. प्रत्येक बच्चे का सम्मान करना आवश्यक है।
3. बच्चे को शारीरिक व मानसिक दंड से दूर रखना आवश्यक है।
4. एक शिक्षक को बच्चे के प्रति सकारात्मक सोच आवश्यक है।
5. बच्चों को भी कभी शिक्षक की भूमिका निभाने का अवसर मिलना चाहिए।
6. प्रत्येक बच्चे को उसके उत्तरदायित्व का एहसास करना जरुरी है।

समावेशी शिक्षा की आवश्यकता और महत्व –शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है, हर बच्चे को सामान शिक्षा प्राप्त करने की आवश्यकता होती है।

- **मानवाधिकार –** सभी बच्चों को एक साथ सीखने की आवश्यकता है, कोई भी अधिगम क्षमता, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि के कारण बच्चों में भेदभाव नहीं कर सकता है।
- **शिक्षा –** समावेशित वातावरण में बच्चें शैक्षिक व सामाजिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करते हैं, प्रतिबद्धता और समर्थन को देखते हुए समावेशी शिक्षा शैक्षिक संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग है।
- सामाजिक द सभी बच्चे अपने आसपास के विभिन्न लोगों से सम्बन्ध बनाते हैं और यह उन्हें जीवन की मुख्यधारा के लिए तैयार करता है। समावेशन में डर कम करने और मित्रता विकसित करने की क्षमता होती है और दोस्तों के बीच आपसीसम्मान, समझ और करुणाबढ़ जाती है। समावेशी शिक्षा विभिन्न तरीकों से बच्चों के विकास में मदद करती है। विशिष्ठ रूप से बाधित बच्चे शारीरिक, संज्ञात्मक और सामाजिक विकास व कौशलों में बहुत अच्छी तरक्की करते हैं। जब हम बच्चों को स्कूलों में समावेशी शिक्षा से अलग करते हैं, तो समाज में भी उनको समानता नहीं मिलेगी, ऐसे बच्चों को बाद में समुदाय के किसी प्रयोजन में शामिल करना मुश्किल हो जाता है। इस प्रकार समावेशी शिक्षा एक समावेशी समाज की नींव डालती है।

समावेशी शिक्षा को प्रभावित करने वाले कारक –

समावेशी शिक्षा एक वैश्विक प्रवृत्ति है, स्कूलों को सभी समुदाय के बच्चों की आवश्यकताओं के अनुसार, उनकी क्षमताओं की परवाह कि ये बिना शिक्षा प्रदान करनी चाहिए।

- **शिक्षार्थियों में विविधता** – एक ही आयु के बच्चों के समूह में भी बहुत विविधता है. बच्चे अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि, प्रेरणा, सीखने की क्षमता व्यक्तिगत गुण, जो पढाई में सफलता, अभिवृत्तियाँ, रुचियाँ, और प्रतिबद्धताओं आदि में एक–दूसरे से भिन्न है।
- **भौतिक सुविधाएँ –** समावेशी शिक्षा प्रत्येक शिक्षक के लिए कक्षा का स्थान, जगह और व्यवस्था एक अनिवार्य कारक है। कई स्कूलों में अधिगम के लिए उपयुक्त मूल सुविधाएँ भी उपलब्ध नहीं है। शोर–शराबे से दूर जगह, कमरों में उचित हवा का आवागमन, कक्षा के अंदर और बाहर स्वतंत्र गति करने की जगह, खेलने के लिए मैदान, अन्य पाठ्येत्तर क्रियाओं का प्रावधान समावेशी शिक्षा का समर्थन करने के लिए अनिवार्य है।
- **शिक्षकों की तैयारी –** प्रत्येक शिक्षक में बच्चे की आवश्यकता को पहचानने का कौशल होना चाहिए। परंतु शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम इस मुद्दे पर कभी बात नहीं करते। कक्षा में दैनिक रूप से विविधता का ध्यान रखने के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। हमारे देश में इस आवश्यकता पर ध्यान नहीं दिया जाता है, इसीलिए यह समावेशी शिक्षा के लिए खतरा हो सकता है।
- **संसाधनों की उपलब्धि –** हमारे स्कूलों में अधिगम क्रिया का समर्थन करने हेतु संसाधनों की उपलब्धि के बारे में सोचा नहीं गया है। शिक्षक विभिन्न अधिगम सामग्रियों का प्रयोग नहीं कर पाते हैं।
- **मूल्यांकन व्यवस्था –** हमारी परीक्षा व्यवस्था में इतनी कठोरता है कि बच्चे का आकलनगलत हो जाता है। विविध शिक्षार्थियों के लिए विविध मूल्यांकन व्यवस्था की जरुरत है। यदि बच्चा लिख नहीं सकता, तो उसकी बाकी क्षमताएँ छिपी रह जाएंगी। यदि बच्चे को पढने, लिखने के अलावा कोई और मूल्यांकन के तरीके की जरुरत है तो वह हमारे पास है ही नहीं। इससे बच्चा परेशान हो जाता है।

समावेशी शिक्षा के लाभ :–

1. समावेशी शिक्षा गरीबी और अपवर्जन के चक्र को तोड़ने में मदद कर सकती है।
2. यह भेदभाव को मिटती है, जो हर समाज में बड़े पैमाने पर फैला है।
3. यह बच्चों को उनके परिवारों और समुदायों के साथ रहने के लिए प्रोत्साहित करती है।
4. इससे बच्चों में घृणा की भावना समाप्त हो जाती है।
5. समावेशी शिक्षा के कारण विशिष्ठ रूप से बाधित बच्चों में और सामान्य बच्चों में आप सीमित्रता अच्छी रहेगी।
6. यह स्कूल का वातावरण सुधारती है, जिसका लाभ सभी बच्चों को मिलता है।

समावेशी शिक्षा में आने वाली बाधाएं – समावेशी शिक्षा के दौरान अनेक समस्याओं या बाधाओं का सामना करना पड़ता है जिसमें से कुछ प्रमुख

समस्या या बाधा इस प्रकार हैं–

शिक्षक में शिक्षण कौशलों की कमी : समावेशी शिक्षा में विशिष्ट एवं सामान्य बालक अक्षम बालक सभी एक साथ एक ही कक्षा में शिक्षा ग्रहण करते हैं और यही कारण है कि एक शिक्षक को उन सभी बालकों को समान रूप से शिक्षा प्रदान करने की क्षमता होनी चाहिए उन्हें कक्षा के अनुरूप विभिन्न शिक्षण विधियों का उपयोग करना आना चाहिए साथ ही एक शिक्षक में इतनी शिक्षण कौशलों का विकास होना चाहिए कि वह विशिष्ट एवं सामान्य बालकों की समस्या को समझ कर उनकी समस्या का समाधान कर सके पर ये क्षमता सभी शिक्षक पर नहीं पाया जाता है। इसलिए समावेशी शिक्षा की सबसे बड़ी समस्या शिक्षक में शिक्षण कौशलों का विकास में कमी होना है।

सामाजिक मनोवृत्ति : हम जिस देश या समाज में रहते हैं यहां के लोगों की सामाजिक मनोवृत्ति ही ऐसी है कि अक्षम बालक या विशिष्ट बालको को नकारात्मक भाव से देखते हैं उनके मन में उस बालक के प्रति पहले से ही नकारात्मक भावना बैठ चुका है कि यह बालक आगे अपने जीवन में कुछ नहीं कर पाएगा साथ ही उनके परिवार या माता–पिता उन्हें यूं ही छोड़ देते हैं। उन्हें समाज से दूर रखते हैं। उन्हें शिक्षा देना भी नहीं चाहते और जो बालक आगे भी बढ़ना चाहते हैं उनके मन में यह बातें बैठा दी जाती हैं कि तुमसे ये नहीं हो पाएगा, तुम नहीं कर पाओगे। ये सामाजिक मनोवृत्ति समावेशी शिक्षा की समस्याओं का एक अहम हिस्सा ही है जो हर एक सामान्य व्यक्ति के दिमाग में घर कर बैठा है।

शारीरिक बाधाएं : समावेशी शिक्षा की और एक बड़ी समस्या यह भी है कि जो बालक शारीरिक रूप से अक्षम है बाधिर है ऐसे बालकों को अधिगम में समस्या होती ही है और वह किसी भी चीज को धीरे धीरे सीखते हैं उन्हें सीखने में बहुत ज्यादा मेहनत की आवश्यकता होती है पर उनके इन समस्याओं को नजर अंदाज कर उनके साथ सामान्य बालक जैसे ही व्यवहार, शिक्षण विधियां, प्रवृत्तियों आदि का प्रयोग किया जाता है। जिससे उनमें समस्या उत्पन्न होने लगती हैं।

पाठ्यक्रम : पाठ्यक्रम निर्माण करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पाठ्यक्रम लाचीला, उपयोगी एवं सामान्य एवं विशिष्ट बालक या अक्षम बालक सभी के अनुरूप हो।

भाषा और संवाद में समस्या: जैसे की हम सब जानते हैं कि समावेशी शिक्षा में हर तरह के बालक शिक्षा ग्रहण करने आते हैं जिसमें कुछ बालक ऐसे होते हैं जो श्रावण वाचन लेखन पठन में बहुत ही पीछे होते हैं। जिसके कारण भाषा को समझने और संवाद करने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। इससे यह पता चलता है कि समावेशी शिक्षा इतनी आसान नहीं है। इन समस्याओं का सामना सभी शिक्षक नहीं कर पाते है।

भारतीय शिक्षा नीतियां से बाधाएं : भारत में बहुत से ऐसे शिक्षा नीतियां हैं जो समावेशी शिक्षा के बीच रुकावट या बाधा उत्पन्न करती है शिक्षक या स्कूल उन नीतियों के दायरे में रहते हैं जो समावेशी शिक्षा में समस्या उत्पन्न करती है।

निष्कर्ष :– शिक्षा में समावेश की अवधारणा केवल कक्षा की दीवारों या विद्यालय परिसर तक ही सीमित नहीं है। विचार जीवन के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव लाने का है। कक्षा में छोटे कदम समावेशी प्रकृति को उजागर करने में मदद कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, दोपहर के भोजन में भोजन के बक्से साझा करने जैसी गतिविधियों के माध्यम से शुरुआत की जा सकती है। पाठ योजनाओं में प्रासंगिक उदाहरणों का उपयोग करने से शिक्षण के दायरे को व्यापक बनाने में मदद मिल सकती है। विविध संस्कृतियों से उपमाओं और कहानियों को शामिल करना और छात्रों को दूसरों के साथ जुड़ने में मदद करने वाले असाइनमेंट देना एक और तरीका है। सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए विषय को वास्तविक दुनिया के मुद्दों से जोड़ा जाना चाहिए। वैश्वीकरण के बढ़ने के साथ, लोगों को विभिन्न पारिस्थितिक तंत्रों में काम करने की आवश्यकता है। कक्षा में समावेशी शिक्षा और विविधता के संपर्क में आने वाले छात्रों को ऐसे समाज में रहने और काम करने में आसानी होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Banga, C. L. (2015). Inclusive Education in the Indian Context, International Multidisciplinary e-Journal, 4(3), p.67-74.
2. Dash, N. (2006): Inclusive Education Why Does it Matter? Edutracks, 5(11), p. 5-10
3. Miles, S. &Singal, N. (in press). The Education for All and Inclusive Education debate: Conflict, Contradiction or Opportunity? International Journal of Inclusive Education.
4. Ministry of Primary and Mass Education, Government of Bangladesh. (2015). Education for All 2015 National
5. Singh, J. D. (2016). INCLUSIVE EDUCATION IN INDIA – CONCEPT, NEED AND CHALLENGES, Scholarly Research Journal of Social Science and Humanities, 3(13), p. 3222-3232
6. UNESCO. (1990) World Declaration on Education for All. Paris: UNESCO.
7. UNESCO. (1994).Final Report: World conference on special needs education: Access and quality. Paris: UNESCO.
8. UNESCO. (2008).The EFA Global Monitoring Report. Education for All by 2015. Will we make it? Paris: UNESCO
9. UNESCO. (2010). Education for All movement.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

मध्यकालीन मारवाड़ की बहियों में महारानियों की भूमिका, समाज एवं कतिपय प्रमाण

गणपत सिंह* डॉ. प्रमोद कुमार**

* शोधार्थी (इतिहास)टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** शोध निर्देशक (इतिहास) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

प्रस्तावना – पश्चिमी राजस्थान में स्थित मारवाड़ का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। मारवाड़ का समूल विस्तृत क्षेत्र जोधपुर सहित 22 परगनों में विभक्त रहा था जिसके अन्तर्गत कई गांव और ठिकाने स्थित थे। राज्य के शासक के द्वारा किये गये कार्यों के साथ हुई उसके कार्यों को विभिन्न ऐतिहासिक बहियों में सजोया जाता था। जो उस काल खण्ड में सनद परवाना बही, हकीकत बही, हकीकत खाता बही, हकीकत रजिस्टर, हाकम के दफ्तर की बही के नाम से जानी जाती है।

मध्यकालीन राजस्थान की सामाजिक परम्पराऐं, सांस्कृतिक रीतिरिवाज अपने आप में अतुलनीय है, मारवाड़ के परगनों में स्थित जातीय पंचायते प्रत्येक गांव, कस्बे और नगरों में स्थित थी जिसके अधिकांश सन्दर्भ मिलते है। चूकि समाज का अधिकांश हिस्सा जो परम्पराओं का सख्ती से पालन करता था गांवों में ही निवास करता था अत: हम अपने आलेख में पष्चिमी राजस्थान के जोधपुर के परगने के अन्तर्गत आने वाले गांवों के समाज की झलक प्रस्तुत कर रहे है।

विभिन्न स्थान विशेष में जितनी जातियां होती थी उतनी ही पंचायते वहां रहती थी इन पंचायतों में जाति के अनुभवी, ईमानदार और सज्जन व्यक्ति होते थे गांव की पंचायतों में अनुभवी लोगो के साथ-साथ इन पंचायतों में एक से अधिक गांवों के पंच भी शामिल होते थे। शासक भी इन्हें कई मामले सौंपता था जो जातिगत और सामाजिक थे। भौगोलिक विषमताओं के कारण यहां के लोगो की जीवनशैली साधारण और स्वभाव भोलाभाला था, मारवाड़ की गौरवमयी संस्कृति सामाजिक मान्यताऐं वचन पालकता, कर्तव्यनिष्ठा, स्वामिभक्ति, अतिथियों का सत्कार, वतन के प्रति प्रेम, आस्था आदि उच्च स्तर के क्रियाकलापो के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है ही साथ ही मारवाड़ का भौगोलिक परिदृश्य अपने आप में इतना व्यापक है कि यहाँ की वीर रज भूमि न केवल शूरमाओं की जन्मस्थली के रूप में पहचानी जाती है बल्कि यहां की जलवायु ने यहां की प्रजा को उन विपरीत परिस्थितियों में भी सम्बल प्रदान किया है जिसमें चाहे ग्रीष्म, सर्द मौसमी हवाओं का रूख हो या चाहे कम वर्षा के कारण जल आपूर्ति की न्यूनता हो।

जिस प्रकार शासक वर्ग की प्रशासनिक व राजनीतिक मुद्दों में महत्वपूर्ण भूमिका थी उसी प्रकार उन शासक विशेष के रणिवास में रहने वाली रानियों की समाज की विभिन्न व्यवस्थाओं में महत्वूपर्ण भूमिका रही थी रानियों के सन्दर्भ में सामाजिक व्यवस्था का दिग्दर्शन कराने में रानियों की जमाखर्च ही बही, हथ खर्च की बही, सावा बही, सोना रकमां रे जमा खरच रीबही, जोधपुर कचेड़ी तालके हुकम रूक्का री बही बहुत ही महत्वपूर्ण है। इन बहियों में रानियों के द्वारा किये गए कार्यों का विस्तृत लेखा-जोखा दिया गया मिलता है। जो मुख्य रूप ये जल संसाधन की व्यवस्था करने संबधी अपने पट्टे के गांवो में कानून व्यवस्था व अन्य सामाजिक उत्सवों की व्यवस्था बनाए रखने संबंधी और सांस्कृतिक क्रियाकलापों के संबंध में जानकारी देता है।[2] मारवाड़ री जनाना ड्योढ़ी री बही में मारवाड़ की रानियों की राजनीतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक जीवन में प्रत्यक्ष व परोक्ष भागीदारी दृष्टिगोचर होती है। प्रतिष्ठित शोध संस्थानों में विभिन्न बहियां संग्रहित है जो इनके कार्यों की झलक प्रस्तुत करती है।[3] मारवाड़ की सभी राणियो में एक मुख्य रानी को उच्च पद प्रदान की परम्परा थी और यही मुख्य रानी पटरानी का दर्जा प्राप्त थी, इन्हें त्योहारों, उत्सवों व विशेष पर्व पर अन्य रानियों से अधिक खर्च का अधिकार प्राप्त था।[4]

'राणीपदे का दस्तुर' एक विशेष सामारोह था जो अन्य रानियो को पटरानी के पगैलागणी दिए जाने के अवसर पर आयोजित किया जाता था यह राजपरिवार का बड़ा उत्सव था जिसमें महाराजा व महारानी की पुरोहित तिलक लगाकर आरती करता था, राजा द्वारा रानी को नगद भेंट तथा गांवो के पट्टे भी इनायत किये जाते थे उदाहरण के तौर पर महाराजा मानसिंह की महारानी तीजा भटियाणी की हथबही वि.स. 1918 में उनको इनायत किये गए पट्टे के गांवो की पूरी सूची मिलती है जो इस प्रकार है-

गढ़ जोधपुर का गांव बावड़ी
परगना मेड़ता का गांव पादू
परगना गोडवाड़ का गांव डेडा
परगना फलोदी का गांव भोजासर
परगना सोजत का गांव मैलावास

इस बही में दर्ज है कि महाराजा मानसिंह की मृत्यु (वि.स. 1900) के पश्चात इन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन पूजा-पाठ और भजन भाव में व्यतीत किया और अनेक मन्दिरों का निर्माण भी करवाया, महारानी तीजा भटियाणी ने गुलाब सागर की पाल पर और घासमंडी में ठाकुरजी श्री रघुनाथ जी का मन्दिर बनवाया इनसे संबंधित बहिये क्रमश: वि.स. 1903-1904, वि.स. 1915-1917 के समय की है। जिनमें मन्दिरों के निर्माण संबंधी विवरण मिलता है। ये बहिये महाराजा तख्तसिंह के काल की है।

महारानी तीजा भटियाणी के निर्देशानुसार लिखे गए परवानों से ज्ञाता होता है कि गांवो की समस्याओं के समाधान हेतु गांव के चौधरियों की

विशेष भूमिका रहती थी वहीं फकीर लोगो की आजीविका हेतु गांव के प्रतिघर से एक पैसा लेने का अधिकार था, गांव में आपराधिक प्रवृतियां मौजूद थी जैसे चोरी होना, उधार लिये पैसे वापस न करना, रूपये छीनना। इनके निस्तारण के लिए परवाने लिखे जाते थे और जो इन आदेशों की पालना नहीं करता तो कठोर दण्ड का प्रावधान भी था।

इन गांवो में होने वाले व्रत त्योहारों में उद्यापन आयोजन में गांव के चौधरी व पटवारी आदि को राज्य की ओर से निमंत्रण भेजा जाता था, समाज की धार्मिक गतिविधियों में भी रानी का संलग्न होना प्रतीत होता है जिसका उदाहरण है रामस्नेही सम्प्रदाय के आचार्य पीठ खैड़ाया धाम के संचालक हेतु गांव 'डोली' के रूप में देना। मन्दिरों के निर्माण कराने के साथ ही पूजा-पाठ की व्यवस्था हेतु भूखण्ड आवंटित किये जाते थे। इन्हीं सूत्रों के साथ-साथ बही में बलात विवाह की रोकथाम के लिए राज्य की ओर से व्यक्ति भेजे जाते थे उसका खर्च संबंधित पक्ष वहन करता था।[5] महत्वपूर्ण है कि शासक अपनी रानियों और कुंवरियो को निर्धारित समयावधि हेतु ही गांव के पट्टे प्रदत करते थे इन बहियों के अलावा जनाना तालके गांव पट्टे तथा खालसा रा चांकरा तथा चांकीदारा बगैरे तथा महिना पाठे, खालसा रा चाकर वगैर री बही[6] में से भी महाराजा भीमसिंह से राजमाताओं, रानियो, कुंवरियो तथा पडदायतो के गांव के पट्टो की विस्तृत रूप से जानकारी मिलती है।[7] अर्थात रानियो की जो बहियां है वे जोधपुर के शोध संस्थान महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाष में संग्रहित है इनमें न सिर्फ रानियों की बल्कि पड़दायतो व पासवानो की बहियां भी संग्रहित है, कतिपय बहियों में निहित सामाजिक व सांस्कृतिक सूत्रों के अनेक विवरण हमें प्राप्त होते है।

इस प्रकार हम देखते है कि मारवाड़ की अनेक बहियों में उस समय विशेष के समाज विशेषत: रणिवास की बहियों में राजकुल की स्त्रियों से संबंधित क्षेत्र विशेष में होने वाले रीति-रिवाज त्योहार उत्सव के आयोजन व प्रशासनिक गतिविधियां, आमजन के प्रति स्नेह व उनकी सुरक्षा की व्यवस्था संबंधी कई पहलू उजागर होते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1.
i. सनद परवाना बही, 1800-1918, ग्रंथांक 65
ii. महाराजा विजय सिंह, सनद परवाना बही, स. डॉ. विक्रमसिंह भाटी 2016
iii. राठौडा री ख्यात, ग्रंथांक 15635
iv. राठौडा री ख्यात, ग्रंथांक 142
v. ठिकाना रे रोजिनदारा री बही वि.स. 1855
vi. जोधपुर राज्य की ख्यात, सं. रघुवीर सिंह, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद दिल्ली 1988
vii. मारवाड़ री ख्यात, सं. भाटी हुकम सिंह
viii. औझा, गौरी शंकर, हीराचंद, राजपूताने का इतिहास, राजस्थानी ग्रंथागार जोधपुर 1999
ix. गहलोत जगदीश सिंह, मारवाड़ राज्य का भूगोल, हिन्दी साहित्य मन्दिर, जोधपुर 1925
2. जोधपुर, कचेड़ी तालके हुकम रूक्का री बही वि.स. 1912, बही क्रमांक 1460,पृ0 32
3. डॉ. व्यास ज्योत्सना (शोध पत्र), मध्यकालीन राजस्थान के आर्थिक इतिहास के स्रोत
4. डॉ. भाटी नारायण सिंह(स.) मारवाड़ रा परगना री विगत भाग-2, जोधपुर 1962
5. महाराजा मानसिंह की तीजा भटियाणी की हथबही क्रमांक 542 पृ0 30
6. परम्परा, डॉ. भाटी विक्रमसिंह (सं.) राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी- 2016
7. बही पृ0 47-48

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं ज्योतिबा फुले के शैक्षिक दर्शन का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. सुमन रानी* हरजिन्द्र कौर**

* एसोसिएट प्रोफेसर(शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोद्यार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – डॉ. अम्बेडकर एक प्रवीण शिक्षाविद्, राजनीतिज्ञ तथा सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत थे। इन्हें आधुनिक भारत में दलितों का मसीहा कहा जाता है। बाबा साहेब एक विशिष्ट व्यक्तित्व के धनी थे। ज्योतिबा फुले मानवतावादी दृष्टिकोण के हिमायती, बंधुत्व और स्वतंत्र मूल्यों को परिष्कृत करने वाले, सामाजिक समरसता व ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित कर अज्ञान के विरुद्ध आवाज बुलंद करने वाले एक सच्चे महान दार्शनिक थे। जिन्होंने समाज में सदियों से दबी कुचली सभी वर्ग की महिलाओं को शिक्षा, स्वतंत्रता, सम्मान एवं पुरुषों के बराबर अधिकार दिलाने तथा गरीब किसान, मजदूर, शूद्र, अतिशूद्र सभी की दयनीय स्थिति की उत्तरदाई कारणों के लिए अज्ञानता के अंधकार को दूर करने हेतु ज्ञान गंगा की ज्योति को प्रज्वलित किए। डॉ. अम्बेडकर एवं ज्योतिबा फुले ने समाज में फैले अन्याय एवं दमन, जाति एवं छूआछूत, शोषण तथा अधर्म से डटकर मुकाबला किय डॉ.अम्बेडकर एवं ज्योतिबा फुले शिक्षा के क्षेत्र पर गहनता से विचार किया तथा कीचड़ में कमल खिलते हैं कि कहावत को चरितार्थ किया। शिक्षा में उनके द्वारा लिखे शोध प्रबन्धों, शोध-पत्रों पुस्तकों तथा लेखों को दुनियाभर के विद्वान उत्साहपूर्वक पढ़ते थे। डॉ अम्बेडकर एवं ज्योतिबा फुले के शैक्षिक चिन्तन के कुछ महत्त्वपूर्ण बिन्दु मानव जीवन में शिक्षा की महत्ता का आभास कराते हैं।

शब्द कुंजी – डॉ. भीमराव अम्बेडकर, ज्योतिबा फुले, शैक्षिक दर्शन।

प्रस्तावना – हमारी शिक्षा व्यवस्था अनेकों महापुरूषों से परिपूर्ण है। समय-समय पर अनेक महापुरूषों ने जन्म लेकर नई-नई शिक्षा पद्धति की रचना की है, परन्तु इनमें कुछ जन्म से ही महापुरूष हुए है और कुछ ने अपने कार्यो से महापुरूषों की श्रेणी में अपना स्थान बनाया। इन्हीं महापुरूषों में उन्नीसवीं शताब्दी में जन्में डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं ज्योतिराव फुले का नाम बड़े गौरव से लिया जाता है, जिन्होनें स्वतन्त्र भारत के भाग्य-निर्माण के रूप में मुख्य भूमिका निभाई। डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के सम्बन्ध में गांधी जी ने कहा है कि, 'डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के साथ चाहे किसी भी विशेषण का प्रयोग हो, वे एक ऐसे व्यक्ति थे, जिनको कभी भुलाया नहीं जा सकता है।' डॉ. भीमराव अम्बेडकर का चिन्तन भक्त कवि कबीर, महात्मा फूले और गौतम बुद्ध से प्रभावित हुआ। मैकाले द्वारा सुझाया गया शिक्षा नीति 1834 में अधोगामी निस्यंदन सिद्धांत का प्रखर रूप से विरोध महात्मा ज्योतिबा फुले ने किया, क्योंकि इस व्यवस्था से समाज के पिछडे, अति पिछड़े, शूद्र, अतिशूद्र व महिलाओं का शिक्षा प्राप्त करना नामुमकिन था।

महात्मा ज्योतिराव फुल एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने सतत् प्रयासों से दलितों को शिक्षा के लिए व्यवहारिक विचार तथा उनका शैक्षिक पथ प्रशस्त करके उन्हें समाज में सम्मानित ढंग से जीने के लिए सक्षम बनाया। आज देश की स्वतंत्रता के इतने वर्षो बाद भी शिक्षा कुछ अंश तक पहले से कुछ सुधरी हुई अवश्य है लेकिन बहुत संतोषजनक नहीं। आवश्यकता इस बात की है, कि शोध पूर्ण ढंग से महात्मा ज्योतिराव फुल एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों से वर्तमान शिक्षा व्यववस्था पर पड़े प्रभावों का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए यह देखना की वर्तमान भारतीय परिवेश में उनके विचार कहां तक प्रासंगिक है। उन कार्य योजनाओं का दिशा निर्देश भी आवश्यक प्रतीत होता है जिससे दलित वर्ग शिक्षा के क्षेत्र में तथा सम्मान के क्षेत्र में और भी महत्वपूर्ण स्थान पा सकते है।

शोध अध्ययन का उद्देश्य:- शोध अध्ययन के निम्न उद्देश्य निर्धारित किए गए हैं-

1. ज्योतिबा फुले के दार्शनिक, राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक, आर्थिक और सामाजिक विचारों का अध्ययन करना।
2. डॉ. भीमराव अम्बेडकर के दार्शनिक, राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक, आर्थिक और सामाजिक विचारों का अध्ययन करना।
3. तात्कालिक सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों के संदर्भ में ज्योतिबा फुले एवं भीमराव अम्बेडकर के शैक्षिक विचारों का विश्लेषण एवं विवेचन करना।
4. ज्योतिबा फुले और भीमराव अम्बडे कर के शैक्षिक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन विधि – शोधकर्त्री द्वारा ऐतिहासिक शोध विधि का प्रयोग किया गया है। ऐतिहासिक शोध विधि का मुख्य उद्देश्य है किसी भी अतीत कालीन महापुरुषों के विचार जो यत्र-तत्र अव्यवस्थित रूप से ग्रन्थों एवं पुस्तकों में बिखरे हुए रहते हैं उन्हें व्यवस्थित क्रम में स्पष्टता प्रदान करना। ज्योतिबा फुले एवं भीमराव अम्बेडकर के शिक्षा सम्बन्धी विचारों के हम विभिन्न-प्राचीन ग्रन्थों के माध्यम से पत्र एवं पत्रिकाओं के माध्यम से वर्तमान में उनकी आवश्यकता, महत्व एवं उपयोगिता का अध्ययन करते हैं।

शैक्षिक दर्शन – शैक्षिक दर्शन से अभिप्राय शिक्षा में प्रयुक्त होने वाली व्यवस्थाओं से है जिसके अंतर्गत विभिन्न स्तर की शिक्षा, विद्यालय, पाठ्यक्रम, अनुशासन, गुरुशिष्य संबंध, शैक्षिक उद्देश्य, स्त्री शिक्षा,

व्यावसायिक शिक्षा तकनीकी शिक्षा आदि सम्मिलित होती है तथा इन्हीं उद्देश्यों पर आधारित शिक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया क्रियान्वित होती हैं। अत: शिक्षा दर्शन के अंतर्गत शैक्षिक विचारों को साधान एवं साधय के रूप में अध्ययन करना जिससे छात्र ही नहीं अपितु शिक्षक के लिए भी पठन एवं पाटन के रूप का निर्धारण किया जाता है। विवेक से जीना। हमेशा जागरूक रहना। ऐसी स्थिति में ही मनुष्य चिंतन में प्रवेश कर सकता है। वह चेतना में जीता है, इसीलिए दर्शन (चिंतन) को हम केवल विवेक मानते है। दर्शन जब शिक्षा से सम्बन्धित हो तो उसे शैक्षिक दर्शन कहते है। महात्मा ज्योतिराव फुल एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर के शैक्षिक दर्शन ने देश में हर क्षेत्र को प्रभावित किया है।

ज्योतिबा फुले के दार्शनिक, राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक, आर्थिक और सामाजिक विचारों का विश्लेषण– ज्योतिबा फुले जी अपने समय के सभी पारंपरिक, अमनोवैज्ञानिक, अमानवीय और हिंसक रीति–रिवाज का तर्क पूर्ण खंडन कर न केवल व्यक्ति विशेष के लिए अपितु सभी के लिए संपूर्ण सामाजिक संरचनाओं के परिवर्तन पर अपना दर्शन प्रस्तुत कर समतावादी मानवीय स्वतंत्रता एवं बंधुत्व का दर्शन दिए। ज्योतिबा फुले मानवतावादी दृष्टिकोण के हिमायती, बंधुत्व और स्वतंत्र मूल्यों को परिष्कृत करने वाले, सामाजिक समरसता व ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित कर अज्ञान के विरुद्ध आवाज बुलंद करने वाले एक सच्चे महान दार्शनिक थे।

ज्ञान मीमांसा संबंधी विचार – किसी भी तथ्य को तर्कपूर्ण चिन्तन व व्यावहारिक दृष्टिकोण के आधार पर मानव हित को सर्वोपरि मानते हुए भेदभाव रहित, समानतापूर्ण व्यवस्था को लागू करने वाला ज्ञान ही उत्तम है।

मूल्य मीमांसा – एकता अखंडता, समानता, स्वतंत्रता, सम्मान एवं गरीमापूर्ण जीवन पुरुष की अपेक्षा स्त्रियों को अधिक महत्व देते हुए उन्हें समाज में सम्मान व प्रतिष्ठापूर्ण जीवन यापन की समस्त मानवीय सुविधा उपलब्ध कराना। प्रतिवादी विचार धारा में विश्वास करने वाले ज्योतिबा फुले का जीवन–दर्शन इन्हीं मूल्यों पर आधारित था।

राजनीतिक विचार – महाराष्ट्र में पेशवाई शासन के दौरान ब्राह्मणवादी विचारधारा के कारण उंच–नीच, जातिवाद, पाखंडवाद, पुरोहितवाद गुलामी, धर्मांधता तथा रूढ़िवादिता व्याप्त थी। आम जनमानस में धर्म के नाम पर इतना भय समाया हुआ था कि लोग अपने प्रति होने वाले अत्याचारो ं को भी पूर्व जन्म का फल समझ कर सह लेते थे। उनकी बौद्धिक क्षमता बिल्कुल शून्य हो चुकी थी। समाज में बाल विवाह,कन्या भ्रूण हत्या, बहुपत्नी प्रथा, विधावा प्रथा,सती प्रथा, देवदासी प्रथा आदि कुप्रथाएं चरम सीमा पर थी।

मनोवैज्ञानिक विचार – ज्योतिबा फुले एक वास्तविक मनोवैज्ञानिक थे। उन्होंने समाज में व्याप्त मानसिक गुलामी का मुख्य कारण अशिक्षा माना और इसको दूर करने हेतु अपना सम्पूर्ण जीवन लगा दिया। ये मानव विकास प्रक्रिया को व्यक्तित्त्व का एक महत्त्वपूर्ण अंग मानते थे। मानसिक गुलामी को व्यक्तित्व निर्माण का सबसे महत्त्वपूर्ण अवरोध माने क्योंकि जब तक व्यक्ति मानसिक रूप से गुलाम रहेगा तब तक न तो वह स्वयं का विकास कर सकता है और न ही समाज का। इसलिए समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व जैसी मानवीय संवेदनाओं को व्यक्तित्व निर्माण के लिए महत्त्वपूर्ण अंग मानते हुए उन्होंने मानव को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वतंत्रता दिलाने हेतु शिक्षा को सर्वसुलभ कराना आवश्यक माना।

ज्योतिबा फुले का आर्थिक विचार – ज्येतिबा फुले अपने पिता गोविंदराव फुले से खेती–बाड़ी एवं फूलों के व्यवसाय से भलीभांति परिचित थे तथा वे समाज से जुड़े हुए थे। वह लोगों की आर्थिक स्थिति से भी भलीभांति परिचित थे। उन्होंने यह महसूस किया कि प्रत्येक व्यक्ति जो समाज में रह रहा है वह अंधाविश्वास और मानसिक रूप से गुलामी के जंजीरों में जकड़ा हुआ था। अशिक्षा के कारण ये सभी अंधविश्वास और पाखंडवाद के चंगुल में फंसे हुए थे। झाड़–फूंक और जादू–टोना के चक्कर में अपनी गाढ़ी कमाई को बर्बाद कर रहे थे।

शिक्षा सम्बन्धी विचारों का विवेचन – ज्योतिबा फुले समाज में फैली सभी बुराइयों का जड़ अशिक्षा को ही माने तथा उन्होंने न केवल शिक्षा सम्बन्धी विभिन्न विचार दिए बल्कि वे जीवन पर्यन्त शिक्षा रुपि ज्योति प्रज्ज्वलित भी किये। ज्योतिबा फुले महाराष्ट्र में पेशवाई शासन काल की नीतियों में अंग्रेजी हुकूमत के प्रादुर्भाव के बाद भी कुछ ज्यादा सुधार नहीं देखे क्योंकि शिक्षा का अधिकार केवल ब्राह्मण समाज को ही था और शिक्षित होने के कारण अंग्रेजी शासनकाल में भी अधिकांशत: ये ही उच्च पद ग्रहण कर अपनी इच्छा अनुसार अन्य सभी वर्गो ं पर मनमाना आचरण करते। स्वयं ये सभी प्रकार के कर से मुक्त रहते और गरीब, मजदूरों किसानों पिछड़े वर्गों, शूद्र व अतिशूद्र महिलाओं को अपने अनुकूल बनाये गए नियमों पर चलने के लिए बाधय कर देते थे।

भीमराव अम्बेडकर के दार्शनिक, राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक, आर्थिक और सामाजिक विचारों का विश्लेषण– भीमराव अम्बेडकर के दार्शनिक, राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक, आर्थिक और सामाजिक विचारो ं का अध्ययन प्रथम उद्देश्य के आधार पर और तृतीय उद्देश्य के आधार पर तात्कालिक आर्थिक, सामाजिक एवं राजनितिक परिस्थितियों के सन्दर्भ में भीमराव अम्बेडकर के शैक्षणिक विचारो का विश्लेषण, विवेचन एवं व्याख्या किया गया है।

ज्ञान मीमांसा संबंधी विचार – भीमराव अम्बेडकर ने ज्ञान का आधार तर्कपूर्ण चिंतन और मंथन पर आधारित, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने वाली, अनुभव की कसौटी पर खरा उतरने वाली ज्ञान को स्वीकार किया। किसी भी सत्य को स्वीकार करने हेतु आपने तथ्यों की तर्कपूर्ण ढंग से अपनाने पर बल दिया। आप किसी अलौकिक शक्ति को न मानते हुए, भाग्य के स्थान पर कर्म में विश्वास रखते हुए अनुभव आधारित ज्ञान को क्षेष्ठ माना।

राजनीतिक विचार – भीमराव अम्बेडकर जी प्रजातंत्रात्मक संसदीय व्यवस्था का समर्थन किया। उन्हें इस व्यवस्था में पूर्ण आस्था थी और प्रजातंत्रात्मक संसदीय व्यवस्था उन्होंने इसलिए पसंद किया क्योंकि इसके माध्यम से वे शांतिपूर्ण रुप से परिवर्तन कर सकते थे। उन्होंने 1947 ई. में प्रारूप समिति के अध्यक्ष पद पर आसीन होते हुए विविधाता में समानता लाने का और स्वतंत्रता के सजग प्रहरी के रूप में सामाजिक शांति और विभिन्न वर्गो के मध्य सौहार्दपूर्ण भूमिका के निर्वहन हेतु अथक प्रयास किया।

मनोवैज्ञानिक विचार – भीमराव अम्बेडकर ना सिर्फ समाज सुधारक, संविधान निर्माता, विधिवेत्ता, राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री थे अपितु वे एक मनोवैज्ञानिक भी थे। जिस प्रकार मनोविज्ञान का काम मानवीय व्यवहार का अध्ययन तथा उसका परिमार्जन करना है भीमराव अम्बेडकर ने भी मानव व्यवहार का गहन अध्ययन किया और भारतीय समाज की मनोवैज्ञानिक व्यावहारिक अध्ययन करने के पश्चात् विभिन्न कारणों का भी अध्ययन किया। मानवीय समस्याओं में सुधार करने के लिए संविधान की रचना की।

इसके माध्यम से उन्होंने समाज में व्यक्ति को किस प्रकार का व्यवहार करना चाहिए और उनके व्यवहारों में कैसे सुधार लाया जाए, उसके लिए उन्होने विभिन्न अनुच्छेदों के माध्यम भारतीय मूल की जड़ता, रूढ़िवादिता, पूर्वाग्रहों छुआछतू , गुलामी को दूर करने का प्रयास किया।

आर्थिक विचार – वास्तव में भीमराव अम्बेडकर एक विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थे। आप ने उस्मानिया विश्वविद्यालय से डिलीट की उपाधि प्राप्त की तथा लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र विषय में पी–एच.डी. तथा डी.एस.सी. की उपाधि भी प्राप्त की। अम्बेडकर जी के अर्थशास्त्री विचारधारा को अंबेडकरीय अर्थशास्त्र के नाम से भी जाना जाता है। पूंजीवादी विचारधारा का विरोध करते हुए अम्बेडकर जी ने कहा था कि बड़ी–बड़ी कंपनियों और उद्योगों को जो लाभ प्राप्त हो रहा है वह मजदूरों के शोषण के बदौलत ही हो रहा है।

सामाजिक विचार – भीमराव अम्बेडकर जी का सामाजिक विचार स्वतंत्रता, बंधुत्व और समानता पर आधारित था। सदियों से मानवीय अधिकारों से वंचित वर्गों, अति पिछड़े, किसान, मजदूर, महिलाओं तथा दलितों को सार्वजनिक स्थानों जैसे विद्यालयों, मंदिरों कुओं एवं तालाबों पर जाने की स्वतंत्रता दिलाने एवं विचारों की अभिव्यक्ति तथा सबको समान रूप से माननीय अधिकारों के प्रति सजग करना था अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना एवं व्यवसाय चुनने का अधिकार दिलाने हेतु उन्होंने आजीवन अथक प्रयास किया।

शिक्षा सम्बन्धित विचार – भीमराव अम्बेडकर शिक्षा के महत्व को भलीभांति जानते थे। उन्होंने स्वयं के अनुभव से शिक्षा को जीवन का सर्वश्रेष्ठ आधार माना। सनातन काल से होने वाली सभी अमानवीय अत्याचारों के विरुद्ध शिक्षा को ही हथियार के रूप में स्वीकार करने पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहे कि शिक्षा एक आन्दोलन है और जब तक यह अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर ले वह निरर्थक है। शिक्षा के द्वारा ही आर्थिक सामाजिक बदलाव संभव होता है तथा किसी भी देश की सभ्यता, संस्कृति व शासनतंत्र के निर्धारण हेतु सभी वर्ग के लिए शिक्षा की समरुपता व अनिवार्यता आवश्यक होना चाहिए। आपने शिक्षा को एक रोशनी मानते हुए इस रूपी रोशनी को समाज के सभी लोगों के लिए अनिवार्य व बराबर मात्रा में दिये जाने पर अपना विचार दिया।

1. **प्राथमिक शिक्षा सम्बन्धित विचार –** प्राथमिक शिक्षा सम्बन्धी विचार को देते हुए आपने ना केवल वंचित, पिछड़ा, गरीब, मजदूर के बच्चों को अपितु समाज के सभी वर्गों के बालकों के लिए प्राथमिक शिक्षा को आवश्यक माना। आपने मानवतावादी सिद्धांत को व्यवहारिक रूप में परिलक्षित कर एक महान शिक्षा दार्शनिक की भूमिका का निर्वहन किया। अनिवार्य व नि:शुल्क प्राथमिक शिक्षा को 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए लागू करने व उत्पाद शुल्क के रूप में ली गईं राशि को शिक्षा व्यवस्था पर खर्च करने व सुझाव दिया।

2. **माध्यमिक शिक्षा सम्बन्धित विचार –** माध्यमिक शिक्षा के सम्बन्ध में आपने पिपुल्स एजुकेशन सोसायटी की स्थापना करते हुए कहा था कि माध्यमिक शिक्षा उच्च शिक्षा की कड़ी है। यदि किसी भी देश की माध्यमिक शिक्षा उन्नत दिशा में है तो उच्च शिक्षा स्वयं ही विकास की उच्च शिखर को छूते हुए आगे का मार्ग प्रशस्त करती है। अत: सरकार को माध्यमिक शिक्षा की ओर विशेष रुझान रखना चाहिए। माध्यमिक शिक्षा प्रदान करने वाले विद्यालयों को पर्याप्त मात्रा में अनुदान राशि प्रदान करना चाहिए।

3. **उच्च शिक्षा सम्बन्धित विचार –** आपने विश्वविद्यालयों को कॉलेजों के ऊपर नियंत्रण होने की भी सलाह देते हुए कॉलेजो के वित्तीय नियंत्रण को भी विश्वविद्यालय के हाथों में ही लेने की सलाह दी थी। समाज में सभी वर्गों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलना चाहिए। किन्तु विभिन्न वर्गों की शिक्षा में तुलनात्मक दृष्टि से पता चलता है कि पिछड़े दलित वर्ग, पहाड़ी, आदिम जातियों में शिक्षा के मामले में बहुत ही असमानता है। अत: शिक्षा को स्थानीय बोर्डों को सौंपना गलत है शिक्षा की जिम्मेदारी परिषद के हाथों में होनी चाहिए।

4. **पाठ्यक्रम सम्बन्धित विचार –** बंबई विश्वविद्यालय के सुधार कमेटी को पाठ्यक्रम सम्बन्धी सुझाव देते हुए कहा कि शिक्षा उत्पादन से जुड़ी होनी चाहिए। इसके लिए नवगठित संकायों के ऊपर यह उत्तर दायित्व होना चाहिए। स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों में तथा कालेज और विश्वविद्यालयों में, सामान्य और विशेष पाठ्यक्रम का निर्माण किया जाय जिससे कला वर्ग, विज्ञान वर्ग और साहित्य से पर्याप्त मात्रा में सह सम्बन्धें को बताते हुए आनर्स कोर्स के लाभ से गरीब छात्रों को भी लाभान्वित किया जाय।

5. **व्यावसायिक शिक्षा सम्बन्धित विचार –** भीमराव अंबेडकर जी ने बम्बई विधानसभा में अपने भाषण के दौरान तथा पीपुल्स एजुकेशन सोसायटी की स्थापना के समय व्यावसायिक शिक्षा व तकनीकी शिक्षा को अनिवार्य करने का सुझाव दिया। आपने कहा कि उच्च शिक्षा का लक्ष्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना होना चाहिए। चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसी मंहगी व्यावसायिक शिक्षा सस्ती से सस्ती हो ताकि यह आम नागरिकों के पहुंच में हो। जिससे गरीब किसान, मजदूर वर्ग के अभिभावक भी अपने बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा देने में समर्थ हो सके।

6. **छात्रावास सम्बन्धित विचार –** भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि गरीब, मजदूर परिवार तथा गन्दे और मलीन बस्तियों में रहने वाले बच्चों के लिए सरकार छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराये। आपने स्वयं पीपुल्स एजुकेशन सोसायटी स्थापित कर उसके द्वारा पवले , पूणे, नासिक, शोलापुर, कर्नाटक, थाने तथा धारवाड़ आदि स्थानों पर छात्रावास की स्थापना हुई। उन्होंने दलित अछूत कहे जाने वाले गरीब, मजदूर परिवार के बच्चों के लिए छात्रावास की स्थापना करने हेतु भी दिशा निर्देश जारी किए।

नि:शुल्क वह अनिवार्य शिक्षा सम्बन्धित विचार – भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा की अनिवार्यता को देखते हुए प्राथमिक और माध्यमिक स्तर तक शिक्षा सभी वर्ग के विद्यार्थियों हेतु बिल्कुल मुफ्त में देने का सुझाव दिया। उन्होंने स्वयं 6 से 14 वर्ष तक के सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य व नि:शुल्क शिक्षा देने हेतु सैवधानिक प्रावधान भी तैयार किया। क्योंकि उनका मानना था कि शिक्षा ही वह आधार है जिससे व्यक्ति स्वयं का तथा अपने समाज व राष्ट्र का विकास कर सकता है।

स्त्री शिक्षा सम्बन्धित विचार – भारत के सभी वर्ग की स्त्रियों की शिक्षा के विषय में आपने अपना विचार देते हुए कहा कि महिलाओं की शिक्षा उतनी ही आवश्यक है जितनी कि पुरुषों की। क्योंकि एक पुरुष के शिक्षित होने का तात्पर्य केवल एक व्यक्ति का शिक्षित होना है, जबकि एक महिला के शिक्षित होने का तात्पर्य है– एक परिवार का शिक्षित होना।

निष्कर्ष – ज्योतिबा फुले और भीमराव अम्बेडकर के शैक्षिक विचारों में समानता है क्योंकि जहां ज्योतिबा फुले ने सभी प्रकार की समस्याओं का समामाान शिक्षा के माध्यम से स्वीकार किया वहीं भीमराव अम्बेडकर ने भी

शिक्षा को हथियार के रूप में स्वीकार करते हुए कहा कि शिक्षा से ही आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र में बदलाव हो सकते है, जिसके परिणामस्वरूप मानवता, भाईचारा व सहयोग, संदयता, करुणा के भाव से आपसी वैमनष्यता के भाव धीरे-धीरे प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च स्तर तक कठिन प्रयासों से समाप्त किये जा सकते है। ज्योतिबा फुले और भीमराव अम्बेडकर के द्वारा दिए गए नवीन सुझाव को राष्ट्रींय शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जा सकता है।

ज्योतिबा फुले और भीमराव अम्बेडकर के शिक्षा सम्बन्धी उद्देश्यों का आधार रूढ़ीगत एवं परम्परावादी विचारधारा से मुक्त होकर वैज्ञानिक व तर्कपूर्ण चिंतन को बढ़ावा देना था। इन विचारों को आधार मानते हुए उनके विचारों को शिक्षा प्रणाली में शामिल करने से सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया जा सकता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. योगमाया (2004) : महात्मा ज्योतिराव फूले दर्शन एवं चिन्तन, जयपुर राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।
2. सिंह, रामगोपाल (1994), डॉ. अम्बेडकर का सामाजिक चिन्तन, जैन ब्रदर्स चौड़ा रास्ता, जयपुर।
3. जाटव, डॉ. डी.आर., 'डॉ. अम्बेडकर व्यक्तित्व एवं कृतित्व' समता साहित्य सदन, जयपुर।
4. द्विवेदी, सुधा (2014) ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले का महिलाओ के सामाजिक विकास एवं राजनीतिक जागरूकता में तुलनात्मक योगदान, राजनीतिक विज्ञान विभाग, गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
5. सिंह, मोहन, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, व्यैक्तित्व के कुछ पहलू, लोक भारती प्रकाशन 15-ए, महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद।
6. मधुलिमय, (1989), डॉ. अम्बेडकर एक चिन्तन, सरदार बल्लभभाई पटेल, एज्यूकेशन सोसाइटी, नई दिल्ली।
7. कीर्तिविमल एवं अन्य (2011) सचित्र फुले जीवनी, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली।
8. सिंह, प्रेम (2013)' महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन दर्शन एवं शैक्षिक चिंतन का अध्ययन एवं वर्तमान संदर्भ में उनके विचारों की प्रासंगिकता', महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली।
9. ठेगड़ी, दत्तोपंत (2005), डॉ. अम्बेडकर का सामाजिक चिन्तन, जैन ब्रदर्स चौड़ा रास्ता, जयपुर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

शारीरिक अभ्यास का उद्भव व मानव सभ्यता का आविर्भाव खेलक्रिया के सम्बन्ध में

डॉ. अनुराग बिस्सू* जगदीश खिचड़**

* सहायक आचार्य (शारीरिक शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोद्यार्थी, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

प्रस्तावना – खेल मानव जीवन की सहज प्रवृति का अंग है। खेलो की लोकप्रियता भारतीय जनमानस में प्राचीन काल से ही विद्यमान रही है। इसका प्रमाण इतिहास के पन्नों को उलटने से मिल जाता है। प्राचीन काल से प्राप्त भित्ती चित्रों, शिलालेखों और अभिलेखों में खेल देखा जा सकता हैं। परम्परागत समाज में मानवीय मूल प्रवृत्ति एवं प्राकृतिक अनुकरण के परिणाम के रूप में खेल का विकास हुआ। भारतीय सृष्टि निर्माण दर्शन से यह स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीव जगत और उसकी सम्पोषक संरचना, ईश्वरीय विधान की लीला है। रामायण एंव महाभारत की प्रचलित लोक गाथाएं खेल, क्रीड़ा और अभिनय के अलग–अलग रूपों का दिग्दर्शन कराती है। इनमें सामूहिक सम्बंधों की स्थापना एक दूसरे पर आश्रित और परम्परा के गुण विद्यमान है। वैदिक साहित्य के प्रथम संकलन ऋग्वेद में क्रीड़ा का उल्लेख है। परम्परागत कृषि प्रधान वैदिक समाज में मानवीय मूल प्रवृत्तियों की संतुष्टि के लिए क्रीड़ा एवं खेलकूद की व्यवस्था सृजित की गयी थी। यह समूह वृत्ति की विशिष्ट उपज थी और मनुष्य की सामाजिकता का पोषण करती थी। क्रीड़ा की भांति खेल और अभिनय का भी वैदिक साहित्य में उल्लेख है। अथर्ववेद में खेल को व्यायाम के रूप में चित्रित किया गया है। जबकि क्रीड़ा व्यक्ति की शारीरिक शक्ति से सम्पन्न होती है। प्राचीन भारतीय साहित्य के प्रत्येक प्रभाग में क्रीड़ा, खेल और अभिनय का उल्लेख प्रचुरता से पाया जाता है। खेलों के स्थान, उनके नियम और उनमें सहभागिता के लिए व्यक्ति में आवश्यक वयैक्तिक गुणों एवं प्रवृत्तियो का विस्तृत उल्लेख मिलता है। खेल व्यक्ति के लिए प्राथमिक आवश्यकता है। किसी भी बालक का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास खेल के बिना सम्भव नहीं है।

खेल के अर्थ को हम बालक के खेल को निरीक्षण करते हुए स्पष्ट कर सकते हैं कि खेल एक रचनात्मक प्रवृत्ति है। जिसमें बालक को अति आनन्द प्राप्त होता है। खेल को खेलते हुए बालक यह अनुभव करता है कि उसकी रूचि खेल के अतिरिक्त किसी चीज में नहीं है। यदि हम खेल के अर्थ को प्रकट करने के लिए समस्त विद्धानों द्धारा दिये गये अर्थ का समन्वय करें तो हमें पता चलता है कि–खेल जन्मजात, स्वतंत्र, स्फूर्तिदायक, स्वलक्षित एवं आनन्ददायक रचनात्मक प्रवृत्ति हैं।

खेलों का इतिहास मानव जाति के विकास के साथ जुड़ा हआ है। बदलते समय के साथ–साथ खेलों का स्वरूप भी बदलता रहा है। आदिमानव खेलों का उपयोग भूख मिटाने के लिए, शिकार की खोज में तथा प्राकृतिक विपदाओं से बचने के लिए करता था। धीरे–धीरे मानव सभ्यता का विकास हुआ तथा खेलों के 'मनोरंजनात्मक' पहलू को पहचाना गया तथा उनका उपयोग मनोरंजन के लिए भी होने लगा। इसके साथ–साथ खेलों में 'प्रतिस्पर्द्धा की भावना' ने भी जन्म लिया तथा इस प्रकार 'हार–जीत' के महत्व को भी समझा जाने लगा।

प्रस्तावित शोध के सोपान:

1. खेल स्वभाविक होता है परन्तु कार्य परिस्थिति जन्य और अर्जित होता है।
2. प्राय: खेल का सम्बन्ध काल्पनिक जगत से होता है परन्तु कार्य का सम्बन्ध वास्तविक जगत से होता हैं।
3. खेल के नियम स्वयं खेल मे ही बनते परन्तु कार्य के नियम अन्य लोगों के द्धारा बनाये जाते हैं।
4. खेल में खेल खेलने वाला किसी प्रकार का आंतरिक अथवा बाह्य बन्धन अनुभव नहीं करता है। परन्तु कार्य में ये दोनों प्रकार के बन्धन सम्भव हो सकते है।
5. खेल में यदि बालक को किसी प्रकार की बाधा पहुँचायी जाय तो उसे आंतरिक दु:ख होने लगता हैं, परन्तु कार्य में ऐसा होना आवश्यक नहीं हैं।

प्रस्तावित शोध का महत्त्व – बालक के जीवन में खेल के महत्व को समझते हुए प्रसिद्ध शिक्षाशास्त्री फ्रोबेल ने किण्डर गार्टेन शिक्षा पद्धति का अविष्कार किया जो कि पूर्णरूप से खेलपर ही आधारित हैं। फ्रोबेल महोदय ने गाना रचना एवं गीत के माध्यम से बालको को शिक्षा देने की योजना बनाई जो कि खेल के ही स्वरूप है। इसके साथ–साथ फ्रोबेल महोदय ने अपनी पद्धति में खेल पर आधारित उपहारो को भी महत्व प्रदान किया है।

मांटेसरी शिक्षा पद्धति– इस पद्धति की प्रवर्तक मैडम मांएटेसरी है। उन्होने बालकों को नाना प्रकार के खिलौनो के बीच खेलते हुए ज्ञानार्जन करने लिए अवसर प्रदानकिया प्रोजेक्ट पद्धति में बालकों की शिक्षा में प्रयोजनता निहितकर दी जाती है।

डाल्टन प्रणाली श्रीमती पार्कहर्स्ट ने अमेरिका में डाल्टन ने सामाजिक स्वतंत्रता एंवव्यैक्तिकता के मुख्य नियम है।

ह्यूरिस्टिक पद्धति –इस पद्धति के समस्त नियम एवं कार्य उसी प्रकार के होतें है जैसे खेल में होते है। बालचर पद्धति के प्रवर्तक बेडेन पावेल महोदय है 'खेलप्रवृत्ति के दृष्टिकोण से हम देखते है कि बालचर क्रियायें प्राय: समस्त खेल सिद्धान्तो के अनुसंधान पर आधारित है।'

सर्वश्री के0 भाटिया एवं वी0डी0 भाटिया के शब्दो में 'यह खेल की पद्धति है जिससे स्वतंत्र शासन में अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों को जानने से शिक्षालय में सामाजिकता एवं नागरिकता की शिक्षा मिलती है।'

इसके अतिरिक्त खेल द्धारा बालक का शारीरिक व मानसिक विकास, संवेगात्मक विकास होता है। खेल द्धारा ही बच्चों का नैतिक तथा समाजिक विकास भी होता है।

खेल द्धारा बालक का विकास कुछ समय पूर्व तक खेलों में लोगों की धारणा नकारात्मक थी। वर्तमान समय में इस अवधारणा में परिवर्तन हुआ है। खेल एवं शिक्षा को जीवन का अनिवार्य पक्ष समझा जाने लगा है जिससे व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक विकास होता है।

इसके समर्थक अभी 50 प्रतिशत लोग मौजूद हैं। वर्तमान में अब नई-नई शिक्षण विधियों द्धारा शिक्षा प्रदान की जाती हैं। अब पुरानी लोकोक्ति बिल्कुल उलट गई है। मनौवैज्ञानिकों ने यह अनुभव किया है कि खेलों के बिना शिक्षा अधूरी है।

अरस्तू के शब्दों में-'खेल ही जीवन की सच्ची शिक्षा है।'

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् के शब्दों में, 'खेल भावी पीढ़ियों के सम्पूर्ण विकास के श्रेष्ठतम् क्रम और सबल साधन हैं।'

खेल का व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण स्थान है। खेल से व्यक्ति का विकास होता है। खेल से शारीरिक मानसिक, तथा नैतिक गुणों का विकास होता है। खेलों का मानव जीवन में निम्नलिखित महत्व है।

प्रस्तावित शोध के उद्देश्य:-

1. शारीरिक शिक्षा का महत्व 1925 से बढ़ता गया, क्योंकि शिक्षा अध्यापन में शारीरिक शिक्षा का स्थान निश्चित किया गया।
2. विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य खिलाड़ियों पर भी ध्यान देना आरंभ किया, जिससे शारीरिक शिक्षा के साथ क्रीड़ा स्पर्धा में भी शास्त्रीय अध्यापन का मार्ग खुला हुआ।
3. कसौटी और मापन को बढ़ावा देने का कार्य 1930 से अमेरिकन रिसर्च क्वार्टरली बड़ी सतर्कता से कर रहा है। 1936 में AAHPER के प्रशासकीय मापन विभाग को मान्यता प्रदान की गई।
4. खेल का उद्देश्य सिद्ध किए गए परीक्षणों का प्रदर्शन करना तथा उनकी उपयोगिता बताना और साथ ही उन परीक्षणों का तथा उसके साधन साहित्य का व्यावहारिक उपयोग बताना है।

प्रस्तावित शोध का निष्कर्ष - जो व्यक्ति प्राकृतिक पर्यावरण में रहतें है। उसके जीवन पर भौगोलिक परिस्थितियों एवं जलवायु आदि का प्रभाव पड़ता है। प्राकृतिक पर्यावरण संस्कृति को भी प्रभावित करती है, जो कि व्यक्ति को प्रभावित करती है। व्यक्ति की अपनी आवश्यकताएँ होती है, जिनकी पूर्ति हेतु वह कार्य और व्यवहार करता है। वह अपनी आवश्यकता की पूर्ति किस प्रकार से करे या कार्य और व्यवहार किस प्रकार करे, यह उसके समाज और संस्कृति पर निर्भर करता है। समाज का भी व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव पडता है। परिवार की समाजिक आर्थिक स्थिति, माता-पिता के परस्पर सम्बंध परिवार में बालक का कम, परिवार का शान्त या अशान्त वातावरण सभी किशोर के व्यक्तित्व को प्रभावित करता है।

इसी प्रकार किस प्रकार के विद्यालय में वह शिक्षा प्राप्त करता हैं, वहाँ के शिक्षक कैसे हैं? उसकी कक्षा के साथी किस प्रकार के हैं यह सब व्यक्तित्व के निर्धारक है। व्यक्तित्व का गठन बहुत कुछ 'स्व' के विकास से सम्बंधित है। व्यक्ति अपने स्वरूप का आत्म परिचय कब और कैसे प्राप्त करता है, यह उसके व्यक्तित्वके गठन का मुख्य भाग है। व्यक्तित्व का गठन और व्यक्तित्व की समग्रता प्राय: एवं दूसरे के पर्याय है। इनके मूल में अर्न्तनोद अभिप्रेरक गत्यात्मक आदि है जिनमें सामांजस्य स्थापित करके व्यक्तित्व का गठन स्थापित किया जाता है व्यक्तित्व का गठन निम्न बातों के अध्ययन पर आधारित रहता है:-

1. व्यक्ति के स्व अथवा अहं का विकास
2. व्यक्तित्व के विशेषकों का गठन
3. आलपोर्ट के अनुसार व्यक्तित्व का गठन
4. व्यक्तित्व के गठन के आयाम
5. व्यक्तित्व की समग्रता - व्यक्तित्व विभिन्नता जिन-जिन दिशाओं में हो सकती है उन्हे व्यक्तित्व का आयाम कहते है। चूँकि व्यक्तित्व का विकास शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक औरसमाजिक दिशाओं मे होता है। इसलिए इसे ही व्यक्तित्व का आयाम कहते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Gill, J.S., Brar, R.S., Sandhu, K.S. and Mann, N.S. (1988)A comparative study of physical fitness and self-concept of college students. NIS Scientific Journal, 11, 12-23.
2. Indian Educational Review Vol.-23 (2) Page No. 71-85
3. Buch, M.B. Fourth Survey of Research in Education VOl-I Page No. 410
4. Buch, M.B. Fifth Survey of Research in Education VOl-II (2000) Page No. 1319 73
5. Buch, M.B. Fifth Survey of Research in Education VOl-II (2000) Page No. 1885,1886
